मंगलवार, 17 जून 2025

मौसम

तापमान 26 – 33
आर्द्रता 90%
सूर्योदय: 4:52 सूर्यास्त: 18:23

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आषाढ़ कृष्णपक्ष षष्ठी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : शिक्षा ऐसा वृक्ष है जो दिल में उगता है दिमाग में पलता है और जुबान से फल देता है।



विमान हादसा : डीएनए मिलान से 119 मृतकों की पहचान हुई पृष्ठ 7




RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# खिदिरपुर बाजार में लगी भीषण आग, 1300 दुकानें जलकर खाक

## घटना में कोई हताहत नहीं, दुकानदारों को भारी नुकसान



■ **अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस ने घटनास्थल का किया दौरा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के खिदिरपुर स्थित भीड़भाड़ वाले एक बाजार में सोमवार के तड़के आग लग गयी। पुलिस ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है और न ही किसी के लापता होने की खबर है। राज्य के अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा मंत्री सुजीत बोस ने बताया कि दमकल की 22 गाड़ियों को आग पर काबू पाने के लिए भेजा गया और कुछ घंटे में आग पर काबू पा लिया गया है। बोस ने बताया कि चूंकि दशकों पुराना खिदिरपुर बाजार भीड़भाड़ वाला इलाका है, इसलिए अग्निशमन कर्मियों को शुरू में आग बुझाने में कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि घटना में लगभग 1300 दुकानें जलकर खाक हो गई हैं। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। आशंका है कि इस आग के कारण बाजार के दुकानदारों को भारी नुकसान हुआ है। बेहद प्राचीन इस बाजार में महंगे मसालों से लेकर फल और रोजमर्रा की जरूरत की हर चीज की दुकानें हैं। इस बीच आरोप लगाए जा रहे हैं कि खिदिरपुर बाजार में विभिन्न दुकानों में भारी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ रखे हुए थे। इस वजह से आग इतनी तेजी से फैली। स्थानीय लोगों का कहना है कि खिदिरपुर बाजार में एक तेल का गोदाम है। उस गोदाम में भी आग लग गई। इससे भडक़ी लपटों ने और भी भयानक रूप ले लिया और तेजी से फैलती चली गई। स्थानीय लोगों की शिकायत है कि दमकल की गाडिय़ां सही समय पर नहीं पहुंचीं। अगर आग बुझाने का काम सही समय पर शुरू किया गया होता, तो नुकसान को रोका जा सकता था।

### मुख्यमंत्री ने प्रभावित लोगों के लिए मुआवजे की घोषणा की



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी घटनास्थल का दौरा किया और पीड़ित दुकानदारों से बात की। उन्होंने पूरी तरह प्रभावित लोगों को एक लाख रुपये और आंशिक रूप से प्रभावित लोगों को 50 हजार रुपये मुआवजे की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इसके लिए जांच की जाएगी कि किसकी दुकान जली है और कितना नुकसान हुआ है। इसके अनुसार एक रिपोर्ट भी तैयार की जाएगी। मुख्यमंत्री ने आग प्रभावित क्षेत्र में फिलहाल बैरिकेडिंग लगाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने फिलहाल दुकानदारों के लिए अस्थायी दुकानों की व्यवस्था करने का भी आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार एक बाजार तैयार करेगी। व्यापारियों को कोई खर्च नहीं देना पड़ेगा। निगम जो बाजार बनाएगा, वह वैज्ञानिक तरीके से बनेगा। अग्निशमन के समुचित इंतजाम होंगे। नया बाजार बनने तक व्यापारियों के लिए अस्थायी दुकान की व्यवस्था की जाएगी।

### उच्चतम न्यायालय रजिस्ट्री, कार्यालय शनिवार को खुले रहेंगे

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को फैसला किया कि 14 जुलाई से हर शनिवार उसकी रजिस्ट्री और कार्यालय खुले रहेंगे। परंपरा के अनुसार, शीर्ष अदालत की पीठें शनिवार को अदालतें नहीं लगाती हैं। सोलह जून को जारी शीर्ष अदालत के नोटिस में कहा गया है, ''न्यायालय की रजिस्ट्री और कार्यालय 14 जुलाई 2025 से सभी शनिवार को सुबह 10 बजे से अपराह्न एक बजे तक खुले रहेंगे।''

### अब यूपीआई से लेनदेन होगा और तेज

**नयी दिल्ली :** यूपीआई के जरिए लेनदेन सोमवार से और तेज होने जा रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने भुगतान के लिए प्रतिक्रिया समय को घटाकर 10 सेकंड कर दिया है। यूपीआई या यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस एक तत्काल भुगतान प्रणाली है, जिसे एनपीसीआई ने मोबाइल फोन के जरिए बैंकों के बीच लेनदेन की सुविधा के लिए विकसित किया है।

# प्रधानमंत्री मोदी को साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया

■ **साइप्रस की यात्रा के बाद जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कनाडा रवाना हुए प्रधानमंत्री**

■ **साइप्रस की सांसद ने स्वागत समारोह के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के पैर छुए**



**निकोसिया :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सोमवार को साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय' से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, ''साइप्रस के 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय' सम्मान प्राप्त करके मैं बहुत कृतज्ञ हूं। मैं इसे हमारे देशों के बीच की मित्रता को समर्पित करता हूं।'' साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने मोदी को सम्मानित किया। इस सम्मान का नाम साइप्रस के पहले राष्ट्रपति आर्चबिशप मकारियोस तृतीय के नाम पर रखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 140 करोड़ भारतीयों को यह सम्मान समर्पित करते हुए कहा कि यह भारत-साइप्रस की भरोसेमंद दोस्ती का सम्मान है। उन्होंने कहा, ''मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में हमारी सक्रिय साझेदारी नई ऊंचाइयों को छुएगी। हम मिलकर न केवल दोनों देशों की प्रगति को मजबूत करेंगे, बल्कि एक शांतिपूर्ण और सुरक्षित विश्व के निर्माण में भी योगदान देंगे।'' साइप्रस के इस सम्मान के साथ ही प्रधानमंत्री को प्राप्त अंतरराष्ट्रीय सम्मानों की कुल संख्या 23 हो गई है।

# ममता ने भाजपा पर लगाया आरोप, बांग्ला बोलने वाले भारतीयों को बताया जा रहा है बांग्लादेशी

■ **मुख्यमंत्री ने केंद्र पर लगाया बंगाल के साथ सौंतेला व्यवहार करने का आरोप**



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल विधानसभा के मासनून सत्र में प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला बोलने वाले नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है। उनको बांग्लादेशी बताकर गलत कार्रवाई की जा रही है। आलम यह है कि जिन बंगालियों के पास वैध दस्तावेज हैं, उनको भी अवैध बांग्लादेशी प्रवासी कहा जा रहा है। इसके बाद भाजपा विधायकों ने जमकर हंगामा किया। ममता ने कहा कि भाजपा को शर्म आनी चाहिए कि वे वास्तविक भारतीय नागरिकों को सिर्फ उनकी भाषा के आधार पर बांग्लादेशी बता रहे हैं। बंगाली के साथ-साथ गुजराती, मराठी और हिंदी में बोलने में भी गर्व महसूस होना चाहिए। अगर आप मुझसे पूछें तो मैं इन सभी भाषाओं में बोल सकती हूं। एक ओर आप भारतीयों को उनके द्वारा बोले गए शब्दों के कारण बांग्लादेशी बता रहे हैं और दूसरी ओर आप इन लोगों को, जिनके पास मतदाता पहचान पत्र, पैन और आधार कार्ड हैं, अपने राज्यों में आजीविका कमाने के अधिकार से वंचित कर रहे हैं। बताते चलें कि अभी कुछ लोगों को मुंबई में बांग्लादेशी घुसपैठिये होने के आरोप में गिरफ्तार करने के बाद उन्हें बांग्लादेश भेज दिया गया था जिसे वापस लाया गया है।

दूसरी ओर, केंद्र पर राज्य को मिलने वाले बजट को रोकने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के सौतेले व्यवहार के बावजूद राज्य ने पथश्री योजना के तहत 69,000 किलोमीटर सड़कें बनाई हैं और 11,000 करोड़ रुपये की आवास योजना शुरू की है। बंगाल लगातार पांच बार सड़क और ग्रामीण आवास परियोजना रैंकिंग में शीर्ष पर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक संकट के बाद भी राज्य में लोगों को औसतन 50 दिन का रोजगार मिल रहा है और उनकी सरकार ने विभिन्न योजनाओं के तहत 1.5 करोड़ कार्य दिवस सृजित किए हैं। एक ओर भाजपा बंगाल के गरीब लोगों को वंचित कर रही है। वहीं दूसरी ओर आपके राज्यों में विभिन्न दुर्घटनाओं में मौतों का सिलसिला जारी है।

# एफएटीएफ ने पहलगाम हमले की निंदा की, राज्य प्रायोजित आतंकी वित्तपोषण पर रिपोर्ट जल्द जारी की जाएगी

**नयी दिल्ली :** वैश्विक निगरानी संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) ने अप्रैल में पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि उसने आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने के लिए विभिन्न देशों द्वारा उठाए गए कदमों पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। इसके साथ ही एफएटीएफ ने कहा कि वह जल्द राज्य प्रायोजित आतंकवाद सहित आतंकवादी वित्तपोषण मामलों पर एक रिपोर्ट जारी करेगा। सूत्रों ने कहा कि वित्तीय कार्रवाई कार्यबल द्वारा की गई निंदा से पता चलता है कि ''अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने हमले की गंभीरता को महसूस किया है'' और इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि इस तरह के हमलों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आतंकी हमला पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादियों द्वारा किया गया था। पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षित आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों की हत्या कर दी थी। वित्तीय कार्रवाई कार्यबल ने एक बयान में कहा, ''आतंकवादी दुनिया भर में लोगों की जान लेते और भय पैदा करते हैं। एफएटीएफ ने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले पर गहरी चिंता व्यक्त की और इसकी निंदा की है। यह और हाल में हुए अन्य हमले, बिना पैसे और आतंकवादी समर्थकों के बीच धन के हस्तांतरण के बिना नहीं हो सकते हैं।'' सूत्रों ने कहा कि एफएटीएफ शायद ही कभी आतंकवादी कृत्यों की निंदा करता है। पिछले एक दशक में यह तीसरी बार है जब उन्होंने किसी आतंकवादी हमले की निंदा की है। सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान द्वारा की गई ऐसी कार्रवाई के लिए देश को एफएटीएफ की '' संदिग्ध सूची' में डाल दिया जाना चाहिए।

# सोलहवीं जनगणना के लिए अधिसूचना जारी, 13,000 करोड़ रुपये का आ सकता है खर्चा

■ **जातिगत गणना 2027 की जनगणना का हिस्सा होगीः गृह मंत्रालय**

**नयी दिल्ली :** साल 2011 में हुई पिछली जनगणना के 16 साल बाद सरकार ने भारत की 16वीं जनगणना 2027 में कराने के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी की जिसमें जाति गणना भी शामिल होगी। अधिसूचना में कहा गया है कि लद्दाख जैसे बर्फीले क्षेत्रों में जनगणना एक अक्टूबर 2026 की संदर्भ तिथि तथा देश के बाकी हिस्सों में एक मार्च 2027 की संदर्भ तिथि से की जाएगी। इसमें कहा गया, '' उक्त जनगणना के लिए केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू- कश्मीर और हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड के बर्फ बारी वालों क्षेत्रों के अलावा बाकी राज्यों के लिए संदर्भ तिथि एक मार्च, 2027 को 00.00 बजे होगी।'' इसमें कहा गया है कि लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फ से ढके क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि एक अक्टूबर 2026 को 00:00 बजे होगी।

# ईरान ने इजराइल पर फिर किये मिसाइल हमले



■ **आठ लोगों की मौत**

**तेल अवीव/इस्लामाबाद :** ईरान ने सोमवार को इजराइल पर फिर से सिलसिलेवार मिसाइल हमले किए, जिसमें कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। वहीं, इजराइल ने तेहरान के कुछ हिस्सों के निवासियों को नये हमले से पहले इलाका खाली कर देने को कहा है। यह चेतावनी संघर्ष के चौथे दिन आई, जब इजराइली सेना ने दावा किया कि उसने ईरान की राजधानी पर हवाई नियंत्रण हासिल कर लिया है और वह बिना किसी बड़े खतरे का सामना किए शहर के ऊपर से उड़ान भर सकती है। सेना ने हमलों से पहले गाजा और लेबनान के कुछ हिस्सों में नागरिकों के लिए इसी तरह की निकासी की अपील की है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी के मुताबिक, एक इजराइली हमले के दौरान टेलीविजन पर चल रहा सीधा प्रसारण अचानक बंद हो गया। एक महिला रिपोर्टर ने बताया कि स्टूडियो में धूल भर गई थी और तभी एक तेज़ धमाका हुआ। इसके तुरंत बाद रिकॉर्ड किए हुए कार्यक्रम दिखाए जाने लगे। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया कि इजराइल का ''तेहरान के आसमान पर नियंत्रण है'' और कहा कि उनका देश ईरानी परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल खतरों को नष्ट करने के अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की ''राह पर'' है। नेतन्याहू ने मध्य इजराइल में तेल नोफ एयरबेस की यात्रा के दौरान, तेहरान के हवाई क्षेत्र में आवाजाही की स्वतंत्रता का जिक्र करते हुए कहा कि ''यह पूरे अभियान में एक बदलाव है।''

### यह युद्ध का युग नहीं : मोदी ने साइप्रस के राष्ट्रपति के साथ वार्ता के बाद कहा

**निकोसिया :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उन्होंने और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर ''चिंता जताई'' और उन दोनों का मानना है कि ''यह युद्ध का युग नहीं है।'' मोदी ने यहां क्रिस्टोडौलिडेस के साथ व्यापक वार्ता के बाद उनके साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''हम दोनों ने पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर चिंता जताई। उनका नकारात्मक प्रभाव केवल उन क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं है। हम दोनों का मानना है कि यह युद्ध का युग नहीं है। बातचीत के जरिए समाधान और स्थिरता बहाल करने की जरूरत है।''

### इजराइली हमले के बाद ईरानी सरकारी टेलीविजन ने सीधा प्रसारण रुका

**तेल अवीव :** ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी ने सोमवार को बताया कि इजराइली हमले के बाद सरकारी टेलीविजन ने सीधा प्रसारण अचानक रोक दिया। प्रसारण के दौरान एक ईरानी सरकारी टेलीविजन संवाददाता ने कहा कि मातृभूमि के खिलाफ (हो रही) आक्रमकता की आवाजों के आने के बाद स्टूडियो धूल से भर गया था। अचानक एक विस्फोट हुआ, जिससे उनके पीछे की स्क्रीन कट गई और वह कैमरे से दूर भागीं। शीघ्र ही पूर्व में रिकॉर्ड किए गए कार्यक्रमों का प्रसारण होने लगा।

### ईरान में भारतीय दूतावास स्थिति पर नजर रख रहा, भारतीय छात्रों से संपर्क बनाए हुए है: विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच, केंद्र ने सोमवार को कहा कि तेहरान स्थित भारतीय दूतावास सुरक्षा स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और ईरान में भारतीय छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनसे संपर्क कर रहा है तथा कुछ मामलों में उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भी पहुंचा रहा है। परामर्श के तहत यहां रह रहे सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों से अनुरोध है कि वे सतर्क रहें, किसी भी तरह की अनावश्यक गतिविधियों से बचें, दूतावास के सोशल मीडिया अकाउंट पर दी जा रही सूचना को ध्यान में रखें और स्थानीय अधिकारियों द्वारा बताए गए सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें।''



# विदेश की खबरें

## ईरान के परमाणु कार्यक्रम को 'बहुत लंबे समय' के लिए पीछे धकेल दिया है: नेतन्याहू

**तेल अवीव :** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को कहा कि इजराइल के ईरान पर किए गए हमलों ने उसके परमाणु कार्यक्रम को 'बहुत लंबे समय' के लिए पीछे धकेल दिया है। नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल का उद्देश्य ईरान की सरकार को गिराना नहीं है, लेकिन अगर हमलों के परिणामस्वरूप ऐसा होता है तो उन्हें हैरानी नहीं होगी। उन्होंने कहा, शासन बहुत कमज़ोर है। नेतन्याहू ने यह भी कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ निरंतर संपर्क में हैं।

## बिलावल भुट्टो ने भारत से बातचीत की मेज पर लौटने का आग्रह किया

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने भारत से वार्ता की मेज पर लौटने का आग्रह करते हुए कहा है कि दोनों देशों के बीच सभी लंबित मुद्दों का समाधान केवल व्यापक बातचीत के जरिए ही हो सकता है।'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की खबर के अनुसार, पश्चिमी देशों की यात्रा पर गए संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे बिलावल ने रविवार को ब्रसेल्स की यात्रा के दौरान जर्मन प्रसारक 'दायचे वेले उर्दू' को दिए साक्षात्कार में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, पाकिस्तान और भारत के बीच सभी लंबित मुद्दों को केवल व्यापक बातचीत के जरिए ही सुलझाया जा सकता है। अगर भारत बातचीत की मेज पर नहीं आता है, तो यह उनके हित में नहीं होगा। पूर्व विदेश मंत्री ने चेताया कि भारत द्वारा पाकिस्तान की जल आपूर्ति रोकने के किसी भी प्रयास को अस्तित्व के लिए खतरा माना जाएगा, जिससे पाकिस्तान के पास युद्ध के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। एक दिन पहले बिलावल ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भारत को बातचीत के लिए मेज पर लाने और समग्र वार्ता के माध्यम से दक्षिण एशिया में स्थायी शांति सुनिश्चित करने में अपनी भूमिका निभाने का आग्रह किया था- जिसमें कश्मीर मुद्दे, जल मुद्दे और आतंकवाद का समाधान भी शामिल है। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह पाकिस्तान के साथ केवल पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर) की वापसी और आतंकवाद के मुद्दे पर ही बातचीत करेगा। समग्र वार्ता की शुरुआत 2003 में हुई थी जब पाकिस्तान में जनरल परवेज मुशर्रफ का शासन था। इसमें आठ घटक थे, जिनमें दोनों देशों के बीच सभी विवादास्पद मुद्दे शामिल थे। वर्ष 2008 के मुंबई हमलों के बाद बातचीत पटरी से उतर गई थी और उचित रूप में बहाल नहीं हो पाई।

## यूएई में भारतीय डॉक्टर ने एअर इंडिया दुर्घटना पीड़ितों के लिए छह करोड़ रुपये की सहायता की घोषणा की

**दुबई :** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रह रहे भारतीय चिकित्सक डॉ. शमशीर वायलिल ने पिछले सप्ताह अहमदाबाद में हुई एअर इंडिया विमान दुर्घटना से प्रभावित मेडिकल छात्रों और चिकित्सकों के परिवारों के लिए छह करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की है। गत बृहस्पतिवार को अहमदाबाद से लंदन जा रहा यह विमान बी जे मेडिकल कॉलेज के छात्रावास परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद बोइंग 787-8 दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे में उड़ान एआई171 में सवार 242 लोगों में से केवल एक जीवित बचा था। इसके अलावा, इसकी चपेट में आने से दुर्घटना स्थल पर पांच एमबीबीएस छात्रों सहित 29 अन्य लोगों की भी मौत हुई थी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी आबू धाबी से राहत सहायता की घोषणा करते हुए बुर्जील होल्डिंग्स के संस्थापक एवं अध्यक्ष और वीपीएस हेल्थ के प्रबंध निदेशक डॉ. शमशीर ने कहा कि दुर्घटना के बाद की स्थिति देखकर वे स्तब्ध रह गए। डॉ. शमशीर के राहत पैकेज में चार मृतक छात्रों के परिवारों के लिए एक-एक करोड़ रुपये, पांच गंभीर रूप से घायल छात्रों के लिए 20-20 लाख रुपये और अपने प्रियजनों को खोने वाले चिकित्सकों के परिवारों के लिए 20-20 लाख रुपये शामिल हैं।

## आईएईए प्रमुख ने ईरान के मुख्य परमाणु स्थल के अंदर रेडियोधर्मी, रासायनिक प्रदूषण की चेतावनी दी

**वियना :** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख ने सोमवार को कहा कि इजराइली हमलों के बाद नतांज स्थित ईरान के मुख्य परमाणु संवर्धन संयंत्र में रेडियोधर्मी और रासायनिक दोनों तरह के प्रदूषण की आशंका है, हालांकि परिसर के बाहर विकिरण का स्तर फिलहाल सामान्य है। आईएईए के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने कहा कि अगर यूरेनियम सांस के साथ शरीर के अंदर जाए तो विकिरण एक बड़ा खतरा बन सकता है। उन्होंने कहा कि उचित सुरक्षात्मक उपायों, जैसे कि परमाणु संयंत्रों के अंदर श्वसन सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करके जोखिम से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकता है। ग्रॉसी ने कहा, ''नतांज स्थल के बाहर रेडियोधर्मिता का स्तर अपरिवर्तित और सामान्य स्तर पर बना हुआ है, जो दर्शाता है कि इस घटना से आबादी या पर्यावरण पर कोई बाहरी रेडियोधर्मी प्रभाव नहीं पड़ा है।''

# आज का पंचांग

**कोलकाता :** 17 जून, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आषाढ़ कृष्णपक्ष षष्ठी, 14:43 तक, नक्षत्र : शतभिषा, 24:51 तक, योग : विष्कंभ, 09:31 तक, सूर्योदय: 4:52, सूर्यास्त: 18:23, चन्द्रोदय : 23:03, चन्द्रास्त: 10:07, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 14:58 से 16:38

# राशिफल

**मेष :** मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**वृष :** निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे।

**मिथुन :** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्क :** ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**सिंह :** विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**कन्या :** भावनाओं में न बहें, सावधान रहें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**वृश्चिक :** कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

**धनु :** मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**मकर :** स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा।

**कुम्भ :** अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मीन :** नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।

# ईरान-इजरायल युद्ध से दुनिया के सामने नई चुनौती



ललित गर्ग



इजरायल ने ईरान के 'परमाणु कार्यक्रम ठिकानों' पर अचानक हमला करके न सिर्फ दुनिया को चौंका दिया है बल्कि पश्चिमी एशिया के पूरे क्षेत्र को अनिश्चितता, भय, अशांति एवं संकट के भंवर में डाल दिया है। ईरान जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायल को करारा जवाब दे रहा है। जहां इस्राइल इन हमलों को अपने अस्तित्व को बचाने की कार्रवाई बता रहा है, वहीं ईरान जवाबी कार्रवाई कर शीघ्र बदला लेने की बात कर रहा है। लेकिन इन दो राष्ट्रों के संघर्ष एवं युद्ध में समूची दुनिया पीस रही है। एक और युद्ध से दुनिया में विकास का रथ थमेगा, महंगाई बढ़ेगी, तेल के दाम आसमान छूने लगेंगे, व्यापक जनहानि होगी। युद्ध कभी भी किसी के हित में नहीं होता, आखिर समझौते के लिये टेबल पर बैठना ही होता है, तो पहले ही टेबल पर क्यों न बैठा जाये? विनाश एवं सर्वनाथ करने के बाद युद्ध विराम करना कैसे बुद्धिमत्ता है?

इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है, जो बताता है कि यह अपने आप में महज एक कार्रवाई नहीं बल्कि नया सिलसिला हो सकता है। हमलों का व्यापक एवं विनाशकारी रूप भी इसकी गंभीरता को स्पष्ट कर देता है। कम से कम छह राउंड में किए गए हवाई हमलों के तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम ठिकानों को निशाना बनाया गया। यही नहीं, ईरान के सबसे बड़े सैन्य अधिकारी इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स के चीफ हुसैन सलामी के भी मारे जाने की खबर है। ईरान ने तो जवाबी कार्रवाई का इरादा जता ही दिया है, खुद इजरायल सरकार ने भी अपने नागरिकों से अगले कुछ दिन घरों के अंदर रहने और खाने-पीने का सामान इकट्ठा कर लेने को कहा है। इजरायली कार्रवाई के वैश्विक दुष्प्रभावों का संकेत इसी एक तथ्य से मिल जाता है कि पहले हमले के कुछ घंटों के अंदर अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें 13 प्रतिशत बढ़ गईं। दुनिया के शैयर बाजार धराशायी हो गये हैं। इसमें दो राय नहीं कि इजरायल लंबे समय से कहता रहा है कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से हर हाल में रोका जाए और जरूरी हो तो उसके लिए बल प्रयोग से भी हिचका न जाए। उसका कहना है कि ईरान इस स्थिति में आ गया था कि कुछ दिनों के अंदर 15 परमाणु बम बना सकता था। एक भयानक संशय का वातावरण बना हुआ है। पहले रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमाम, कुछ समय भारत-पाक और अब इजरायल-ईरान के बीच युद्ध की स्थितियां बनना विश्व युद्ध की संकटपूर्ण स्थितियों को बल दे रही है। संशय से भरा हुआ आदमी प्रेम एवं मानवीयता से खाली होता है। पारस्परिक स्नेह, सद्भाव, सौहार्द और विश्वास के अभाव में उसका संदेहशील मन सदैव युद्ध, हिंसा, सुरक्षा के साधन जुटाने में संलग्न रहता है। उसका मन कभी निर्भय नहीं होता, वृत्तियां शान्त नहीं होतीं, संग्रह उसके सुख, संतोष और शांति को सुरसा बन लील जाता है।

जिसने परमाणु-शस्त्रों के निर्माण और फैलाव से विश्व को तनाव और संत्रास का वातावरण दिया, अनिश्चय और असमंजस की विकट स्थिति दी, उसने विश्व शांति के धरातल छिन लिया है। इन विनाशकारी स्थितियों में मानवीय सहृदयता, सहिष्णुता और सह-अस्तित्व की भावना को कैसे अक्षुण्ण रखा जा सकता है? अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव कर तीसरी दुनिया को विकास के समुचित अवसर और साधन देने की संभावनाएं कैसे बलशाली बन सकती है? मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध की विभीषिका से मुक्ति देना वर्तमान की बड़ी जरूरत है। क्योंकि वर्तमान युद्ध की जटिल से जटिलतर होती परिस्थितियों को देखें तो यह पश्चिम एशिया से लेकर दक्षिण एशिया और समग्र वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत खतरनाक समय है। यदि अन्य देश भी इस संघर्ष में खेमेबाजी का शिकार होकर जुड़ते गए तो यह खतरा कई गुना बढ़ जाएगा। अच्छी बात यही है कि अभी तक तो ऐसा कुछ नहीं हुआ है। भारत के लिए बेहतर यही होगा कि शांति एवं कूटनीतिक विकल्पों की वकालत करता रहे, लेकिन उसे खुद भी किसी भी प्रकार की स्थितियों के लिए तैयार रहना होगा।

दुनिया में पहले से ही काफी उथल पुथल मची हुई है। अरब देश संघर्ष लंबा खिंचने पर क्या रूख अख्तियार करते हैं। मुस्लिम देशों की जनता में यह सोच पहले से है कि यहूदी सरकार मुस्लिमों पर अत्याचार कर रही है। ऐसे में उनके लिए भी अपनी जनता की भावनाओं को नियंत्रित करना आसान नहीं होगा। वहीं इजरायल के सामने भी एक बड़ी चुनौती है कि अगर उसने संघर्ष शुरू किया है तो वह ईरान के खतरे को हमेशा के लिए खत्म करे। ऐसे में इजरायल का सैन्य अभियान लंबा चल सकता है। वह लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध को जारी रख सकता है। इसके लिए ईरान की सत्ता में बदलाव या राजनीतिक नेतृत्व को खत्म करना होगा। यहां अमेरिका का समर्थन अहम होगा। बेहतर होगा दुनिया को भारी नुकसान से बचाने के लिये पूतिन एवं ट्रंप युद्ध की आग बुझाने की कोशिश करें। उनका आपस का दोस्ताना संवाद फिलहाल दुनिया के लिये अकेली उम्मीद की किरण है, हालांकि यूरोपीय संघ को और विशेषतः चीन कुछ हद तक यह अच्छा नहीं लगेगा। लेकिन युद्ध के अंधेरों एवं शांति के उजालों के लिये यही एक रास्ता है।

ईरान पर इजरायल के हमले ने पहले से युद्धरत एवं अस्थिर दुनिया को अधिक वैश्विक संघर्ष की ओर ढकेल दिया है। ईरान भी अपनी पूरी क्षमता के साथ इजरायल पर मिसाइलों से हमला कर रहा है। उधर, इजरायल इस बात पर अड़ा है कि जब तक वह ईरान की परमाणु बम बनाने की क्षमता और मिसाइलों के जखीरे को खत्म नहीं कर देता है तब तक हमले जारी रहेंगे। अगर यह संघर्ष लंबा खिंचता है तो सिर्फ दो देशों तक सीमित नहीं रहेगा। आगे चलकर इसमें अमेरिका, चीन और रूस जैसी बड़ी शक्तियां शामिल हो सकती हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध से दुनिया पहले ही दो खेमों में बंटी दिख रही है। ईरान ऐसी जगह पर हैं, जहां से वह बहुत सीमित संसाधनों के साथ समुद्र से होने वाले वैश्विक व्यापार को बाधित कर सकता है। इससे ग्लोबल सप्लाई चेन चरमरा सकती है, विश्व व्यापार ठप्प हो सकता है और विश्व में तेल आपूर्ति का संकट पैदा हो सकता है।

इजरायल ईरान को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। खासकर उसे लगता है कि अगर ईरान ने परमाणु बम बना लिया तो उसके लिए बहुत बड़ा खतरा पैदा हो जाएगा। यह खतरा इजरायल के साथ अन्य देशों के लिये भी होगा। इसलिए इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कह रहे हैं कि हम ईरान को परमाणु बम नहीं बनाने देंगे। जो आपरेशन शुरु किया है, उसे लक्ष्य हासिल होने तक जारी रखेंगे। ईरान का परमाणु शक्ति बनना एक बड़ा खतरा है, इस बड़े खतरे को समाप्त करना ही ऑपरेशन राइजिंग लायन का लक्ष्य है। इसी समय अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आना भी इजरायल के बेहतर मौका लेकर आया और यहां अमेरिका का समर्थन अहम हो गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिये कहा है कि ईरान ने परमाणु कार्यक्रम पर समझौते के लिये अंतर्राष्ट्रीय प्रस्ताव को बार-बार खारिज किया है। बहरहाल, इस घटनाक्रम से मध्यपूर्व में इजरायल-ईरान के बीच सीधे युद्ध की आशंका बढ़ गई है। कहा जा रहा है कि इजरायल और हमास, हिजबुल्ला व हूती विद्रोहियों के बीच पहले से जारी संघर्ष से संवेदनशील बने इलाके में पूर्ण युद्ध की आशंका बढ़ गई है।

इजरायल और ईरान के बीच सैन्य तनाव बढ़ने से वैश्विक कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं, तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो इसके जटिल परिणाम सामने आते हैं और सभी जीवन-निर्वाह की चीजों के दाम बढ़ जाते हैं। जिससे भारतीय रूपया कमजोर होने, मुद्रास्फीति बढ़ने और देश की वित्तीय स्थिति पर दबाव पड़ने का खतरा भी है। भारत अपनी जरूरतों का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है, ऐसी घटनाओं का महंगाई से लेकर व्यापार संतुलन, रोजगार से लेकर जीवन-निर्वाह तक के महत्वपूर्ण संकेतकों पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष भारत के हितों को चोट पहुंचाने वाला है। आर्थिक हित के साथ दोनों देशों के साथ भारत के सामरिक तथा रणनीतिक हित भी जुड़े हुए हैं। भारत को संतुलित रवैया अपनाना होगा, क्योंकि ईरान हमारा पुराना मित्र है, जो कश्मीर मुद्दे को लेकर इस्लामिक देशों के संगठन तक भारत का साथ देता रहा है। इजरायल हमारा महत्वपूर्ण सामरिक एवं नवाचार साझेदार है। किसी के भी पक्ष में झुकाव दुविधा को ओर बढ़ायेगा। :

# चारधाम यात्रा : बढ़ते हैलीकॉप्टर हादसे श्रद्धालुओं के जीवन से खिलवाड़



मनोज कुमार अग्रवाल

उत्तराखंड में चारधाम मार्ग पर हैलीकॉप्टर सेवा दे रही कंपनी मुनाफे के लिए नियम कानून की अनदेखी कर श्रद्धालुओं की जान से खेल रहीं हैं। हेलीकॉप्टर हादसे या हेलीकॉप्टर को आपात स्थिति में उतारने की लगातार हो रही घटनाओं ने लोगों और प्रशासन की चिंताएं बढ़ा दी हैं।रविवार सुबह आर्यन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का एक हेलीकॉप्टर केदारनाथ से गुप्तकाशी लौटते समय गौरीकुंड के ऊपर हादसे का शिकार हो गया। यह इस साल चारधाम यात्रा मार्ग पर हेलीकॉप्टर हादसे की पांचवीं घटना है।

इस हादसे में हेलीकॉप्टर में सवार सभी पांच श्रद्धालुओं, एक पायलट और बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के एक प्रतिनिधि समेत सात लोगों की मृत्यु हो गयी।

केदरानाथ धाम की यात्रा पर जा-नेवाले तीर्थयात्री लंबी और कठिन पदयात्रा नहीं कर पाने की स्थिति में हेलिकॉप्टर की सेवा लेते हैं। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को भी इस सेवा से केदारनाथ धाम के दर्शन में सुविधा होती है। पिछले कुछ वर्षों में हेलीकॉप्टर की बुकिंग में भी काफी बढ़ोतरी देखने को मिली है। चार धाम यात्रा के दौरान यहां हेलीकॉप्टर लगातार उड़ान भरते रहते हैं।केदारनाथ धाम के लिए गुप्तकाशी, सिरसी व फाटा से हेलीकॉप्टर सेवा का संचालन होता है। वहीं इस यात्रा के दौरान अब तक पांच हादसे हो चुके हैं। रविवार को गौरीकुंड में हुए हादसे में सात लोगों की जान चली गई। आर्यन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का एक हेलीकॉप्टर केदारनाथ से गुप्तकाशी लौटते समय गौरीकुंड के ऊपर हादसे का शिकार हो गया। यह इस साल चारधाम यात्रा मार्ग पर हेलीकॉप्टर हादसे की पांचवीं घटना है।

मृतकों में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के दो-दो, जबकि उत्तराखंड, गुजरात और राजस्थान के एक-एक यात्री शामिल हैं. हादसे के बाद मौके पर पहुंचे बचाव दल को शवों की पहचान में दिक्कतें आ रही हैं, क्योंकि वे बुरी तरह झुलस चुके हैं. अधिकारियों ने बताया कि डीएनए जांच के बाद ही शव परिजनों को सौंपे जाएंगे।

आपको अब बताते हैं कि हैं केदारनाथ धाम यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर सेवाओं की क्या स्थिति है?

केदारनाथ धाम के लिए लिए गुप्तकाशी, फाटा और सिसिरी से हेलीकॉप्टर से उड़ान भरते हैं। फिलहाल यहा कुल 8 हेली कंपनियां सेवाएं दे रही है। इन कंपनियों के हेलीकॉप्टर के लिए कुल 9 हैलीपैड बनाए गए हैं।गुप्तकाशी: 2 हेलीकॉप्टर कंपनी सर्विस दे रही है। फाटा: 3 हेलीकॉप्टर कंपनी सर्विस दे रही हैसिसरी: 3 हेलीकॉप्टर कंपनी सर्विस दे रही है।

आपको बता दें कि पिछले दो महीने से 1 दिन में यह सभी कंपनियां मिलकर औसतन 215 उड़ानें भर रही हैं। मौसम ठीक होने पर एक दिन में अधिकतम 290 उड़ानें भरी गई हैं। हेलीकॉप्टर में पायलट को मिलाकर अधिकतम 6 लोग बैठ सकते हैं। गौरीकुंड में जो हेलीकॉप्टर क्रैश हुआ उसमें 7 लोग थे क्योंकि एक 2 साल का बच्चा था जिसका वजन 10 किलो था इसीलिए कुल संख्या 7 थी।



शुरुआती जांच के अनुसार, खराब मौसम, घना कोहरा और तेज हवाएं दुर्घटना की वजह मानी जा रही हैं.

इस हादसे से सिर्फ एक हफ्ता पहले केदारनाथ जा रहे केस्ट्रल एविएशन के एक हेलीकॉप्टर को सात जून को उड़ान भरने के तत्काल बाद एक तकनीकी समस्या के कारण सड़क पर आपात स्थिति में उतरना पड़ा था।

हेलीकॉप्टर के आबादी के पास एक सड़क पर उतरने के कारण उसका 'टेल रोटर' वहां खड़ी एक कार के ऊपर काफी देर तक घूमता रहा जिसका वीडियो भी खूब वायरल हुआ था। हालांकि,घटना में केवल पायलट को ही चोटें आयीं और हेलीकॉप्टर में सवार पांचों श्रद्धालु सुरक्षित बच गए।

वहीं करीब एक माह पहले आठ मई को उत्तरकाशी जिले के गंगनानी में गंगोत्री धाम जा रहा निजी कंपनी का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें पांच महिला श्रद्धालु समेत छह लोगों की मौत हो गयी थी जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हुआ था।

बारह मई को भी श्रद्धालुओं को लेकर बदरीनाथ से सिरसी लौट रहे एक हेलीकॉप्टर को खराब दृश्यता के कारण उखीमठ में एक स्कूल के मैदान में आपात स्थिति उतरना पड़ा था। हालांकि, एक घंटे बाद मौसम सुधरने पर हेलीकॉप्टर ने पुन: उड़ान भर ली थी।

सत्रह मई को एम्स ऋषिकेश की एक हेली एम्बुलेंस का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था जिसके कारण वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हालांकि, इसमें सवार तीनों व्यक्ति- एक चिकित्सक, एक पायलट और एक मेडिकल स्टॉफ सदस्य सौभाग्यशाली रहे कि वे सुरक्षित बच गए।

यहां गौरतलब है कि उड्डयन नियामक संस्था डीजीसीए ने एक हफ्ते पहले उड़ानों की संख्या कम करने के निर्देश दिए थे। इस गाइडलाइंस के मुताबिक 1 घंटे में केवल दो उड़ानें ही भरी जाएंगी। अगर मौसम ठीक होता है तो एक घंटे में अधिकतम तीन उड़ानें भारी जा सकती हैं। हेलीकॉप्टर में फ्यूल का वजन और टेंपरेचर देख कर ही यात्रियों को बैठाया जा सकता है। यानी अगर फ्यूल कम है तो अधिकतम 6 लोग बैठेंगे। अगर 45 किलो का फ्यूल पूरा है तो यात्री कम बैठेंगे।

इस साल चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद करीब डेढ़ माह में यात्रा मार्ग पर हुआ यह पांचवां हेलीकॉप्टर हादसा है।यह साबित करता है कि राज्य सरकार का यात्रा मार्ग पर हेलीकॉप्टर चला रही कंपनियों पर कोई नियंत्रण नहीं है। हेलीकॉप्टर संचालन के लिए कोई एसओपी नहीं है। पैसा कमाने के लिए हेली कंपनियां यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रही हैं। एक दिन में हेलीकॉप्टरों द्वारा लगाए जाने वाले चक्करों की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

यह भी जान लें कि फाटा हेलीपैड से केदारनाथ की दूरी केवल 31 किमी है। हेलीकॉप्टर को यह दूरी तय करने में केवल 9 मिनट का समय लगता है। इस यात्रा के लिए एक तरफ का किराया 2,500 रुपया लगता है। सिसरी हेलीपैड से केदारनाथ की दूरी केवल 23 किमी है। इस दूरी को तय करने में हेलीकॉप्टर को 11 मिनट लगता है। वहीं गुप्तकाशी हेलीपैड से केदारनाथ की दूरी 45 किमी है और हेलीकॉपटर को यहां पहुंचने में 15 मिनट का समय लगता है। इस रूट पर एक तरफ का किराया 3,800 रुपया है। रोजाना करीब 1500 यात्री हेलीकॉप्टर से चारधाम के दर्शन करने के लिए जाते हैं।

हादसे के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपात बैठक बुलाई और सख्त निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि अब उच्च हिमालय क्षेत्रों में उड़ान भरने वाले पायलटों के लिए अनुभव अनिवार्य होगा. साथ ही सभी एविएशन कंपनियों को मानकों का सख्ती से पालन करना होगा. मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि इस हादसे के लिए जो भी जिम्मेदार होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

सरकार ने फिलहाल चारधाम हेलीकॉप्टर सेवा पर रोक लगा दी है. मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि एक कंट्रोल एंड कमांड सेंटर स्थापित किया जाएगा, ताकि हेलीकॉप्टर सेवाओं पर बेहतर निगरानी रखी जा सके.

हेलीकॉप्टर हादसों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय बन गई है. हर साल लाखों श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर जाते हैं, ऐसे में एक छोटी चूक भी बड़ी त्रासदी का कारण बन सकती है. कड़े नियमों और सुरक्षा मानकों के साथ उड़ानों की समीक्षा की भी जरूरत है।

# वर्ग पहेली नं. 3125

**बायें से दायें:-** 1) माहवार, 4) प्रसिद्ध, 7) पुरखा, 9) पतला सिरा, 10) उपयोग; कर्तव्य; धंधा, 12) निरंतर, 14) विस्फोटक रासायनिक गोला, 15) जहन्नुम, 16) हिजड़ा; नपुंसक, 17) सूर्यप्रकाश, 18) इच्छा, 19) अवधि, 20) ज़ंजीर, 22) हराभरापन, 24) अधमरा, 26) एकाकी, 28) लपेटना, 30) कंजूस, 31) नई मूँछ, 32) जेब.

**ऊपर से नीचे:-** 1) पीहर, 2) बंदर, 3) एक पक्षी, 4) सुरम्य, 5) संदेह, 6) दयालु, 8) पर्यन्त, 11) पसंदीदा, 13) *हिटलर,* 19) गलीचा, 21) अल्प, 23) पीड़ा, 24) रानी, 25) *सूरदास,* 27) दुर्घटना, 28) तिनके की जाति का एक लंबा, सीधा और गिरहदार पौधा, 29) शीर्षक *(लेख का).*

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | प | दे | श | ■ | ह | ■ | त | ड़ | का |
| ब | री | ■ | ह | रा | म | ख़ो | र | ■ | ■ |
| ल | ■ | सु | र | ■ | स | ■ | स | मो | सा |
| ना | प | ना | ■ | क | फ़ | नी | ■ | ■ | ब |
| ■ | त | र | ह | दा | र | ■ | वि | स्ता | र |
| बे | वा | ■ | ■ | चा | ■ | पू | रा | ■ | म |
| अ | र | ब | ■ | र | ज | त | ज | यं | ती |
| द | ■ | द | या | ■ | ल | ■ | मा | ■ | ■ |
| ब | ड़ा | ■ | र | सी | द | ■ | न | क़ | ब |

# सुडोकू-पहेली-3082

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | | 2 | 8 | | |
| 5 | 7 | | 1 | 6 | 3 | | | |
| | | | 9 | | | | | |
| | 1 | | | | | | | 6 |
| | 9 | | | | | 4 | 8 | |
| | | | | | | | | 2 |
| | | 7 | | 8 | | | 6 | |
| | | | | 9 | | 5 | | 1 |
| 1 | | | 4 | 7 | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3081 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 8 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 1 | 9 | 7 | 2 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 3 | 7 | 6 | 4 | 9 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 | 1 |
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 2 | 8 | 4 | 6 |
| 5 | 3 | 1 | 9 | 2 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 7 | 9 | 2 | 6 | 8 | 3 | 5 | 1 | 4 |
| 4 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 | 9 | 3 | 2 |

# ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द मामला : हाई कोर्ट आज सुना सकता है अंतरिम फैसला

## वादियों ने मामले में राज्य द्वारा कराए गए सर्वेक्षण पर जताई है आपत्ति

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट मंगलवार को पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) प्रमाण पत्र रद्द करने के एक अन्य मामले में अपना अंतरिम फैसला सुना सकता है। वादीगण ने उस मामले में राज्य द्वारा कराए गए सर्वेक्षण पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि सर्वेक्षण हाई कोर्ट के फैसले के अनुसार नहीं किया गया। हालांकि, राज्य का कहना है कि विज्ञापन कोर्ट के आदेश के अनुसार दिया गया था। वादीगण के अनुसार, कोर्ट का आदेश राज्य की सभी सामाजिक, आर्थिक



और व्यावसायिक रूप से विविध आबादी के बीच सर्वेक्षण करने का था। लेकिन राज्य ने जिलों के आधार पर कुछ परिवारों तक ही सर्वेक्षण सीमित कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछली ओबीसी सूची और वर्तमान सूची में थोड़ा अंतर है। दूसरी ओर, राज्य ने कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया है कि उस मामले के लिए कुछ मामलों में काम में कुछ समस्याएं हैं। सोमवार को राज्य ने हाई कोर्ट के जस्टिस तपोब्रत चक्रवर्ती और जस्टिस राजशेखर मंथा की अदालत में अपना पक्ष रखा। राज्य ने कहा कि कॉलेज एडमिशन से लेकर ओबीसी मामले की भर्ती प्रक्रिया तक सब कुछ रुका हुआ है। मुख्य वादीगण का दावा है कि राज्य के पास जनसंख्या के बारे में कोई विशेष जानकारी नहीं है। बिना जानकारी के ही विभिन्न समुदायों को ओबीसी के रूप में चिह्नित कर दिया गया है। इसके लिए बाकायदा सर्वेक्षण की जरूरत थी। फिलहाल, यह निर्धारित करने के लिए कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया है कि कौन से समुदाय ओबीसी हैं। उनका दावा है कि कोर्ट के आदेश के अनुसार नए समुदायों को ओबीसी श्रेणी में लाने के लिए विधानसभा में विधेयक पेश किया जाना है। लेकिन राज्य ने कोई विधेयक नहीं लाया है। वादीगण ने कोर्ट से राज्य की अधिसूचना को खारिज करने की अपील की है। दूसरी ओर, केंद्र ने कोर्ट को बताया कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने राज्य द्वारा दी गई सूची से 35 समुदायों को बाहर कर दिया है। उनके अनुसार बिना जनगणना के यह स्पष्ट रूप से कहना संभव नहीं है कि कौन से समुदाय ओबीसी हैं। केंद्र ने कोर्ट को यह भी बताया कि जनगणना का काम अगले साल से शुरू होगा। हालांकि राज्य ने कहा कि पूरे राज्य में बेंचमार्क सर्वे कराया गया है।

# हाई कोर्ट ने तीन डॉक्टरों की पोस्टिंग पर राज्य सरकार से किया जवाब तलब

कोलकाता, समाज्ञा

आरजीकर मेडिकल कॉलेज के तीन डॉक्टरों की पोस्टिंग विवाद पर कलकत्ता हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से तीखा सवाल किया है क्या आप मेधा के आधार पर पोस्टिंग करते हैं, या जिसे जहां मन हो, वहां भेज देते हैं? यह सवाल सोमवार को न्यायमूर्ति विश्वजीत बसु ने राज्य सरकार से पूछा। उल्लेखनीय है कि आरजीकर अस्पताल में हुए आंदोलन के तीन प्रमुख चेहरों डॉ. अनिकेत महतो, डॉ. देवाशीष हालदार और डॉ. असफाकुल्ला नय्यर को हाल ही में उनकी पहली पोस्टिंग की जगह से दूसरी जगह स्थानांतरित कर दिया गया था। असफाकुल्ला और देवाशीष ने नई जगह पर कार्यभार संभाल लिया, लेकिन अनिकेत महतो ने ऐसा नहीं किया। तीनों ने इस स्थानांतरण के फैसले को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। डॉ. अनिकेत का आरोप है कि काउंसलिंग के नियमों को दरकिनार करते हुए मनमाने ढंग से उन्हें ट्रांसफर किया गया। इस पर कोर्ट ने सोमवार को राज्य सरकार से हलफनामे के रूप में जवाब मांगा है। अन्य दो डॉक्टरों के मामलों में भी अगला जवाब अगले सोमवार तक मांगा गया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी में यह उम्मीद जताई कि जब तक अनिकेत नई पोस्टिंग नहीं स्वीकारते, तब तक राज्य उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा। अनिकेत ने अदालत में यह भी बताया कि उनकी रैंक 24 है और आरजीकर अस्पताल के एनेस्थीसिया विभाग में चार पद खाली हैं, जिनमें से दो पदों पर रैंक 26 और 34 वाले उम्मीदवारों की नियुक्ति हो चुकी है, लेकिन उन्हें मौका नहीं मिला। इस पर कोर्ट ने राज्य से पूछा कि यह निर्णय किस न्यायिक आधार पर लिया गया? अनिकेत के वकील ने यह अनुरोध किया कि जब तक मामला अदालत में लंबित है, तब तक अनिकेत को आर.जी. कर अस्पताल में ही काम करने दिया जाए और उनके खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कदम न उठाया जाए। कोर्ट में न्यायाधीश ने राज्य से स्पष्ट रूप से पूछा है कि क्या आप मेधा के आधार पर नियुक्ति करते हैं या जिसे जहां भेजना हो, वहां भेज देते हैं? मामले की अगली सुनवाई मंगलवार को होगी।

### जी5 की नई बंगाली मिनी-सीरीज 'बिभीषन' का ट्रेलर हुआ रिलीज, 27 जून से स्ट्रीमिंग शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** जी5 ने अपनी पहली बंगाली मिनी-सीरीज 'बिभीषन' का ट्रेलर जारी कर दिया है। राजा चंडा द्वारा निर्देशित और निर्मित इस मनोवैज्ञानिक थ्रिलर में सोहम मजूमदार और देबचंद्रिमा सिंह रॉय प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह कहानी पश्चिम बंगाल के बीरभूम की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जहां एक शांत कस्बे में हो रही अजीब घटनाएं - चोरी, हत्या और लापता व्यक्ति - पुलिस को उलझनों में डाल देती हैं। शो में सोहम मजूमदार एक संवेदनशील लेकिन कुशल पुलिस अफसर 'विधान सेन' की भूमिका निभा रहे हैं, जो पेशेवर और निजी संकटों के बीच जूझ रहा है। जी5 के प्रवक्ता ने बताया कि 'बिभीषन' उनकी क्षेत्रीय कहानियों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। निर्देशक राजा चंडा ने इसे एक रहस्य और विश्वासघात से भरी यात्रा बताया है। 'बिभीषन' का प्रीमियर 27 जून को केवल जी5 पर होगा।

## सुजापुर में तृणमूल पंचायत सदस्य के पति पर हमला, धारदार हथियार से किए गए कई वार

**मालदह :** एक बार फिर मालदह जिले से तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता पर सरेआम हमले की खबर सामने आई है। इस बार, हमले का शिकार हुए तृणमूल पंचायत सदस्या के पति, तौफिक अली, जिन्हें धारदार हथियार से बेरहमी से काटे जाने का आरोप है। उन्हें गंभीर हालत में मालदह मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना मालदह के कालियाचक थाना अंतर्गत सुजापुर इलाके की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घायल का नाम तौफिक अली है जिसकी उम्र 42 है और उनका घर सुजापुर योगी मोड़ तुतपाड़ा इलाके में है। उनकी पत्नी सोनी बीबी सुजापुर ग्राम पंचायत की तृणमूल कांग्रेस सदस्य हैं। परिवार का आरोप है कि इस हमले के पीछे बेनू शेख, रेनू शेख और जहांगीर शेख का हाथ है। बताया जा रहा है कि ये सभी आरोपित तृणमूल समर्थक ही हैं। घटना रविवार की देर शाम की है। आरोप है कि ये लोग गली के किनारे शराब पी रहे थे, जिसका तौफिक अली ने विरोध किया। इसी बात पर बहस होने लगी और फिर अचानक बेनू शेख और उसके साथी तौफिक पर धारदार हथियार से हमला करने लगे। आरोपितों ने तौफिक को सड़क पर गिराकर बेरहमी से कई वार किए। शोर सुनकर स्थानीय लोग पहुंचे, जिसके बाद हमलावर वहां से फरार हो गए। तौफिक को रक्तरंजित हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। घटना को लेकर कालियाचक थाने में शिकायत दर्ज की गई है, और पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी है।

# शुभेंदु अधिकारी को महेशतला जाने की हाई कोर्ट ने दी सशर्त अनुमति

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी को महेशतला जाने की अनुमति दे दी। हालांकि, जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने कई शर्तें रखी हैं। हाई कोर्ट की अनुमति के बाद वे मंगलवार को वहां जाएंगे। हाई कोर्ट के आदेश के मुताबिक, शुभेंदु के साथ दो और लोग महेशतला जा सकते हैं। हालांकि, कोई जुलूस नहीं निकाला जा सकता। जज ने साफ कर दिया है कि विवादित टिप्पणी नहीं की जा सकती। इस मामले की सुनवाई सोमवार को जस्टिस सौगत भट्टाचार्य की अदालत में हुई। शुभेंदु के वकील सूर्यनील दास ने उन्हें बताया कि पुलिस अधीक्षक से अनुमति मांगी



गई थी। हालांकि, पुलिस ने अनुमति नहीं दी। इसके बजाय कहा गया कि फिलहाल इलाके में भारतीय दंड संहिता की धारा 163 सोमवार तक लागू है। इसे मंगलवार को हटा लिया जाएगा। इसके बावजूद विपक्षी नेता को इलाके में जाने की इजाजत नहीं दी जा रही है। यह सुनते हुए जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने राज्य के वकील से पूछा कि अगर कोर्ट इजाजत दे तो आपको क्या डर है? जवाब में, राज्य के एडवोकेट जनरल ने कहा कि विपक्षी नेता जहां भी अशांति है, वहां क्यों जाना चाहते हैं? वे कोर्ट क्यों आए? वे खुद भी जा सकते थे। फिर, राज्य के वकील कल्याण बनर्जी ने कहा कि कोर्ट का इस्तेमाल राजनीतिक कारणों से नहीं किया जाना चाहिए। उन्हें पब्लिसिटी चाहिए। जज ने कहा कि अगर विपक्षी नेता को हिरासत में लिया गया तो आम लोगों का क्या होगा? इसके बाद, जज ने विपक्षी नेता को शर्तों के साथ महेशतला जाने की इजाजत दे दी। शुभेंदु को मंगलवार को वहां जाना था।

## मालदह में शूटआउट, टोटो चालक को लगी गोली

**मालदह :** मालदह जिले के मोजमपुर इलाके में रविवार की रात दो गुटों के बीच हुई गोलीबारी की घटना में एक टोटो चालक घायल हो गया। उसे गोली लगी है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। अपराधियों की तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घायल टोटो चालक का नाम आमिर शेख है। वह कालियाचक थाना अंतर्गत गोलापगंज ग्राम पंचायत के पीरपाड़ा का निवासी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार की रात आमिर बाजार से आम खरीदकर घर लौट रहा था। वह टोटो लेकर कालियाचक की ओर जा रहा था। उसी दौरान मोजमपुर स्टैंड के ठीक सामने स्टेट हाइवे पर दो गुटों के बीच फायरिंग हो रही थी। इसी दौरान बदमाशों की ओर से चलाई गई गोलियां उसे लगीं। टोटो का आगे का शीशा टूट गया और गोली सीधे आमिर शेख के सीने में जा लगीं। वह तुरंत गिर पड़ा। उसी हालत में उसने किसी तरह घर फोन कर घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। आनन-फानन में उसे पहले सीलमपुर ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत गंभीर होने के कारण उसे वहां से मालदह मेडिकल कॉलेज व अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालांकि, उसके परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार उसकी हालत गंभीर है। घटना को लेकर आमिर के परिजन काफी चिंतित हैं। घटना के बाद परिजनों ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

## तीन बच्चों के सामने पति ने पत्नी की हत्या, फरार

**मुर्शिदाबाद :** जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। सूती थाना क्षेत्र के अहिरन मठपाड़ा गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की उस्तरे से गला रेत कर हत्या कर दी। मृत महिला की पहचान रेशमी बीबी (23) के रूप में हुई है। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। आरोपी पति का नाम मोसिबुल शेख बताया जा रहा है। मृतका की बहन नूरबानु बीबी ने आरोप लगाया है कि यह पूरी घटना रेशमी के तीन बच्चों के सामने हुई। उन्होंने बताया कि मोसिबुल काफी समय से विदेश में रह रहा था और हाल ही में घर लौटा था। लौटने के बाद से वह रेशमी के साथ मारपीट करने लगा था। मृतका के बड़े बेटे




सकीरुल शेख के अनुसार, उसके पिता घर आने के बाद से मां को तरह-तरह की यातनाएं दे रहा था। सोमवार सुबह उसने उसकी मां को उसकी आंखों के सामने उस्तरे से काटकर मार डाला। परिजनों का कहना है कि रेशमी बीबी अपने तीन बच्चों का पालन-पोषण खुद करती थी। वह बीड़ी बनाने का काम कर परिवार चला रही थी। उसकी बहन के अनुसार, पिछले तीन महीने से आरोपी पति बच्चों को फोन पर धमकाता भी था और घर खर्च के लिए पैसे नहीं भेज रहा था। घटना के समय बच्चों के रोने की आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि रेशमी बीबी खून से लथपथ पड़ी थी। इस घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है। ग्रामीणों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि मां के जाने के बाद तीनों छोटे बच्चे अनाथ हो गए हैं। सूचना मिलने पर अहिरन चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी पति की तलाश जारी है।

## पूर्व रेलवे ने स्वच्छता को लेकर जुर्माना और जागरूकता के साथ शुरू की सख्त पहल

कोलकाता, समाज्ञा

पूर्व रेलवे ने अपने नेटवर्क में स्वच्छता बनाए रखने के लिए सख्त प्रवर्तन और व्यापक जन-जागरूकता अभियानों का संयोजन करते हुए एक मजबूत पहल शुरू की है। 1 अप्रैल से 15 जून 2025 तक चलाए गए इस अभियान में गंदगी फैलाने के मामलों में कुल 15,493 यात्रियों को पकड़ा गया, जिनसे कुल 26,45,552 का जुर्माना वसूला गया। यह कार्रवाई विशेष रूप से भीड़भाड़ वाले उपनगरीय स्टेशनों पर अधिक प्रभावी रही, जहां गंदगी फैलने की घटनाएं अधिक देखी जाती हैं। पूर्व रेलवे ने अपने चार प्रमुख डिवीजनों में अलग-अलग स्तर पर कार्रवाई की, जिसमें हावड़ा डिवीजन में 3,905 यात्रियों से 6,91,452, सियालदह डिवीजन में 5,509 यात्रियों से 8,98,600, आसनसोल डिवीजन में 4,448 यात्रियों से 7,63,400 और मालदह डिवीजन में 1,631 यात्रियों से 2,92,100 का जुर्माना वसूला गया। स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ने स्वास्थ्य विभाग, आरपीएफ और स्टेशन कर्मचारियों की मदद से जागरूकता अभियान भी लगातार चलाए हैं, ताकि यात्रियों को स्वच्छता के महत्व के प्रति संवेदनशील बनाया जा सके।

### पाम ऑयल को लेकर भ्रम दूर करने की है जरूरत: डॉ. धारिणी कृष्णन

**कोलकाता, समाज्ञा :** आहार और पोषण को लेकर उपभोक्ताओं में बढ़ते भ्रम के बीच प्रमुख आहार विशेषज्ञ डॉ. धारिणी कृष्णन ने पाम ऑयल को लेकर व्याप्त भ्रांतियों पर स्पष्ट राय दी है। उनका कहना है कि पाम ऑयल दुनिया में सबसे अधिक खपत वाला खाद्य तेल है, लेकिन इसके पोषण गुणों को लेकर वैज्ञानिक समझ की कमी के कारण इसे अक्सर नकारात्मक रूप में प्रस्तुत किया जाता है। उन्होंने बताया कि पाम ऑयल में लगभग 50% संतृप्त, 40% मोनोअनसैचुरेटेड और 10% पॉलीअनसैचुरेटेड वसा होती है, जो इसे संतुलित वसा प्रोफाइल वाला बनाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, संतृप्त वसा की सीमित मात्रा में खपत स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित है। पाम ऑयल का उच्च स्मोक पॉइंट और ट्रांस फैट से मुक्त होना इसे प्रोसेस्ड फूड्स के लिए उपयुक्त बनाता है। डॉ. कृष्णन ने कहा कि किसी भी तेल का स्वास्थ्य पर प्रभाव उसके प्रकार और उपयोग के तरीके पर निर्भर करता है। उन्होंने संतुलित दृष्टिकोण और प्रमाण-आधारित आहार अपनाने पर बल दिया।

### स्टेबल मनी ने सीरीज बी फंडिंग में जुटाए 173 करोड़, कोलकाता में खोला पहला ऑफिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के पहले डिजिटल फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) निवेश प्लेटफॉर्म स्टेबल मनी ने सीरीज बी फंडिंग राउंड में 173 करोड़ जुटाए हैं। इस निवेश का नेतृत्व इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणी द्वारा स्थापित फंडामेंटम पार्टनरशिप ने किया, जिसमें आदित्य बिड़ला वेंचर्स, जेड47, आरटीपी ग्लोबल और लाइटस्पीड जैसे मौजूदा निवेशकों ने भी भाग लिया। कंपनी एफडी पर 9.1% तक ब्याज, सेविंग्स अकाउंट की अनिवार्यता के बिना तत्काल निकासी और डीआईसीजीसी बीमा जैसी सुविधाएं प्रदान करती है। स्टेबल मनी ने 2022 में शुरुआत के बाद 20 लाख से अधिक यूजर्स जोड़े हैं और इसकी कुल प्रबंधित संपत्ति 3,000 करोड़ पार कर चुकी है। पश्चिम बंगाल में ही 2.15 लाख से ज्यादा लोग इस प्लेटफॉर्म पर निवेश करते हैं। कंपनी ने कोलकाता के साल्ट लेक में अपना पहला कार्यालय खोलते हुए विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। फिक्स्ड इनकम निवेश को डिजिटल और पारदर्शी बनाने का लक्ष्य स्टेबल मनी की प्रमुख पहल है।

### वीवो इंडिया ने घोषित किए वीवो इग्नाइट 2025 के नेशनल विनर्स

**नई दिल्ली/कोलकाता :** वीवो इंडिया ने अपने देशभर के स्कॉलरशिप कार्यक्रम 'वीवो इग्नाइट : टेक्नोलॉजी और इनोवेशन इनिशिएटिव' के विजेताओं की घोषणा की। यह पहल सीआईईटी-एनसीईआरटी, आईआईटीएम प्रवर्तक टेक्नोलॉजी फाउंडेशन और यूएन ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क इंडिया के साथ मिलकर चलाई गई है। यह कार्यक्रम 15 जून को नई दिल्ली के अशोक होटल में आयोजित हुआ, जिसमें कक्षा 8 से 12 तक के छात्रों द्वारा पेश की गई बेहतरीन और इनोवेटिव सोच को सराहा गया। इस कार्यक्रम में 250 से ज़्यादा मेहमान शामिल हुए, जिनमें प्रतिभागी छात्र, अलग-अलग स्कूलों से आए बच्चे और उनके परिवारजन मौजूद थे। वीवो इंडिया के कॉरपोरेट स्ट्रैटेजी प्रमुख गीताज चन्नाना ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा, वीवो इग्नाइट इस विश्वास का प्रतीक है कि जब टेक्नोलॉजी को यंग माइंडस के हाथों में दिया जाता है, तो वह असली और स्थायी बदलाव ला सकती है।

## नदिया जिले में कर्ज के बोझ से परेशान युवक ने की आत्महत्या, इलाके में सनसनी



**नदिया :** नदिया जिले के मोहनपुर इलाके में सोमवार को एक युवक का फांसी पर लटका शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान सुब्रत कर्मकार(28) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से आर्थिक तंगी से जूझ रहा था और बेटे के इलाज के लिए एक निजी वित्तीय संस्था से लिया गया कर्ज उसकी परेशानी की बड़ी वजह बन गया था। मासिक किस्तें समय पर न चुका पाने के कारण वह मानसिक दबाव में था। सुब्रत ने अपने 9 वर्षीय दृष्टिहीन बेटे और डेढ़ साल की बीमार बेटी के इलाज के लिए करीब डेढ़ साल पहले एक फाइनेंस कंपनी से 75 हजार का ऋण लिया था। शुरू में वह 3,500 की मासिक किस्त नियमित रूप से चुका रहा था, लेकिन पिछले 5-6 महीनों से बेरोजगारी के चलते भुगतान नहीं कर पा रहा था। बताया गया है कि कर्ज वसूली के लिए कंपनी की ओर से लगातार दबाव बनाया जा रहा था। घटना के दिन सुबह सुब्रत ने अपनी पत्नी और बच्चों के साथ चाय पीने के लिए घर से बाहर निकले। कुछ देर बाद वह अकेले घर लौट आया और पास के अपने ससुराल में जाकर एक कमरे में खुद को बंद कर लिया। बाद में परिजनों ने जब दरवाजा तोड़ा, तो अंदर से उसका शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हावड़ा में पूर्व रेलवे ने अत्याधुनिक डीआरएम भवन का उद्घाटन कर रचा इतिहास






**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए हावड़ा रेलवे संग्रहालय के पास नवनिर्मित डीआरएम कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। इस अत्याधुनिक भवन का उद्घाटन पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर एवं ईस्टर्न रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) की अध्यक्ष सीमा देउस्कर द्वारा किया गया। इस अवसर पर हावड़ा के डीआरएम संजीव कुमार तथा ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ हावड़ा की अध्यक्ष रीना जयसवाल भी मौजूद रहीं। समारोह में अतिरिक्त महाप्रबंधक एस.पी. सिंह, प्रमुख विभागाध्यक्षगण, वरिष्ठ अधिकारी एवं रेलवे के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। यह उद्घाटन रेलवे प्रशासन के आधुनिकीकरण की दिशा में एक अहम कदम के रूप में देखा जा रहा है। नया डीआरएम कार्यालय भवन एक अत्याधुनिक एवं तकनीकी रूप से उन्नत परिसर है, जिसे आधुनिक रेलवे संचालन की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। इसके अतिरिक्त, पूरे परिसर में 360 डिग्री एचडी सीसीटीवी निगरानी प्रणाली एवं 24*7 कार्यरत सुरक्षा तंत्र स्थापित किया गया है।

यह नया भवन पुराने डीआरएम कार्यालय की जगह पर निर्मित किया गया है, जो 19वीं सदी के उत्तरार्ध में ब्रिटिश काल में निर्मित एक ऐतिहासिक विरासत भवन था। यह भवन 1952 में भारतीय रेलवे के राष्ट्रीयकरण के बाद ईस्टर्न रेलवे का हिस्सा बना और कई दशकों तक प्रशासनिक गतिविधियों का मुख्य केंद्र रहा। अब इसका स्थान एक भविष्य-सक्षम, तकनीकी दृष्टि से उन्नत एवं आधुनिक भवन ने ले लिया है।

## टैगोर हाउस में तोड़फोड़ के खिलाफ भाजपा ने बांग्लादेश के उप उच्चायोग तक निकाला मार्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा ने पड़ोसी देश में नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर में हाल ही में हुई तोड़फोड़ की निंदा करते हुए सोमवार को कोलकाता में बांग्लादेश के उप उच्चायोग तक विशाल विरोध मार्च निकाला। सैकड़ों भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने विरोध रैली में भाग लिया, पार्टी के झंडे लहराए और पड़ोसी देश की अंतरिम सरकार के खिलाफ नारे लगाए। उन्होंने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण रवींद्र कचहरीबाड़ी (जो अब एक संग्रहालय है) की सुरक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया। वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने दक्षिण कोलकाता में बेकबागान के पास स्थित बांग्लादेश उप उच्चायोग तक विरोध मार्च का नेतृत्व किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप




लगाया कि यह हमला 'कट्टरपंथी समूहों द्वारा पूर्व नियोजित कृत्य' था जिसका उद्देश्य साझा सांस्कृतिक प्रतीकों को नुकसान पहुंचाना और भारत तथा बांग्लादेश के बीच ऐतिहासिक संबंधों को कमजोर करना था। रैली के दौरान राज्य भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने संवाददाताओं से कहा कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर में तोड़फोड़ हमारी साझा सांस्कृतिक विरासत पर हमला है। हम इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और बांग्लादेशी प्रशासन से जवाबदेही की मांग करते हैं। हालांकि, कोलकाता पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उप उच्चायोग के पास बैरिकेड लगाकर प्रदर्शनकारियों को एक निश्चित स्थान से आगे बढ़ने से रोक दिया।

# ईडी ने घुसपैठियों का भारतीय पहचान पत्र बनाने वाले पाकिस्तानी नागरिक के खिलाफ आपरोप पत्र दायर किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने विशेष पीएमएलए न्यायालय में पाकिस्तानी नागरिक आजाद मल्लिक उर्फ अहमद हुसैन आजाद के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। न्यायालय ने आरोपी के खिलाफ नोटिस जारी किया और सुनवाई की तारीख तय की। ईडी ने राज्य पुलिस की एक एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की, जिसमें विदेशी अधिनियम, 1946 की धारा 14 और 14ए के उल्लंघन का आरोप था।

इस साल 15 अप्रैल को हुई तलाशी में आजाद मल्लिक, जिसे पहले बांग्लादेशी नागरिक माना गया था, बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रहता पाया गया। वह अवैध प्रवासियों के लिए जाली भारतीय पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज तैयार करने में शामिल था। इसके बाद उसे धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया गया। वह 14 दिन तक ईडी की हिरासत में रहा और अब न्यायिक हिरासत में है। जांच में पता चला कि आजाद मल्लिक, जिसका असली नाम अहमद हुसैन आजाद है, एक पाकिस्तानी नागरिक है। उसके मोबाइल फोन से 1994 का एक पाकिस्तानी ड्राइविंग लाइसेंस मिला, जिसमें उसका नाम, पिता का नाम (मुमताज-उल-हक) और पाकिस्तान का पता दर्ज था। अपनी असली पहचान छिपाने के लिए उसने आजाद मल्लिक नाम अपनाया और जाली दस्तावेजों के जरिए आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी और भारतीय पासपोर्ट हासिल किया।

ईडी की जांच में खुलासा हुआ कि अहमद हुसैन ने भारत और बांग्लादेश के बीच हवाला नेटवर्क चलाया। वह नकद और यूपीआई के जरिए पैसे इकट्ठा करता और 'बिकाश' जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से बांग्लादेश में राशि भेजता था। वह दुबई, कंबोडिया और मलेशिया जैसे देशों में जाने की चाहत रखने वाले बांग्लादेशी नागरिकों के लिए फर्जीवाड़ा कर वीजा और पासपोर्ट बनवाने में भी शामिल था। इसके लिए वह बांग्लादेशी टका, यूएसडी या भारतीय रुपए में भुगतान लेता और उसे अपने या सहयोगियों के खातों में जमा करता। इसके अलावा, उसने कोलकाता के कुछ विदेशी मुद्रा विनिमयकर्ताओं के साथ मिलकर धोखाधड़ी की, जिसमें अवैध रूप से कमाए गए पैसे को वैध विदेशी मुद्रा बिक्री के रूप में दिखाया गया। यह पैसा मुख्य रूप से जाली भारतीय पहचान दस्तावेजों के जरिए बांग्लादेशी नागरिकों के लिए पासपोर्ट बनाने से आता था। ईडी की इस मामले में जांच जारी है।

### रेलवे ने बढ़ाई हावड़ा-पटना स्पेशल ट्रेन की अवधि, यात्रियों को मिलेगी राहत

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे द्वारा यात्रियों की मांग और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए हावड़ा-पटना-हावड़ा स्पेशल ट्रेन (02023/02024) की सेवा को आगे भी जारी रखने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन पूर्व की तरह ही अपने निर्धारित मार्ग, कोच संरचना, समय और स्टॉपेज के अनुसार संचालित होगी। इसके तहत, 02023 हावड़ा-पटना समर स्पेशल ट्रेन हर रविवार 13 जुलाई से 10 अगस्त 2025 तक दोपहर 14:15 बजे हावड़ा से रवाना होकर रात 22:30 बजे पटना पहुंचेगी। इसके विपरीत, 02024 पटना-हावड़ा समर स्पेशल इसी अवधि में हर रविवार सुबह 05:30 बजे पटना से प्रस्थान कर दोपहर 13:25 बजे हावड़ा पहुंचेगी। यह ट्रेन जसीडीह, मधुपुर, जामताड़ा, चित्तरंजन, आसनसोल, दुर्गापुर समेत कुल 15 स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी।

# हुगली स्टेशन-बैंडेल जीटी रोड पर अतिक्रमण हटाने का नोटिस, 30 जून तक दुकानें हटाने का अल्टीमेटम

**हुगली :** लोकनिर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा हुगली स्टेशन से बैंडेल जीटी रोड और आसपास के क्षेत्रों में स्थित लगभग 450 दुकानों और मकानों को हटाने का नोटिस जारी किए जाने के बाद रविवार को इलाके में हलचल मच गई। इस मुद्दे को लेकर चुचुड़ा के विधायक असित मजूमदार ने स्थानीय व्यापारियों के साथ बैठक कर 30 जून तक की अंतिम तिथि निर्धारित की है, जिसके भीतर अतिक्रमित ढांचों को स्वेच्छा से हटाने का अनुरोध किया गया है।

विधायक ने कहा कि इलाके में जल निकासी की गंभीर समस्या है।



नालों के ऊपर अवैध रूप से बनाए गए दुकान और ढांचे जलजमाव की प्रमुख वजह बन रहे हैं। यदि नालों को अतिक्रमणमुक्त नहीं किया गया, तो बारिश में हालात और भी बदतर हो सकते हैं, उन्होंने चेताया।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, नालडांगा, बैंडेल और कैलाशनगर इलाकों में वर्षों से जलजमाव की समस्या बनी हुई है। इसे दूर करने के लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा जल निकासी व्यवस्था को बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है।

व्यापारियों ने भी अपनी चिंता जताते हुए कहा कि वे कई वर्षों से पीडब्ल्यूडी की जमीन पर दुकानें चला रहे हैं और यही उनकी आजीविका का एकमात्र साधन है। एक व्यापारी ने कहा, अगर दुकानें पूरी तरह हटा दी जाएं, तो हम अपने परिवार का पेट कैसे पालेंगे? उन्होंने यह भी बताया कि वे नालों की सफाई के पक्ष में हैं और आवश्यकता पड़ने पर अपनी दुकानों को छोटा करने के लिए भी तैयार हैं।

विधायक असित मजूमदार ने कहा, जो लोग अपनी दुकानें हटाएंगे, उन्हें हम सहयोग देंगे, लेकिन नालों को खाली करना जरूरी है। 30 जून तक का समय दिया गया है। यदि इसके बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो प्रशासन आवश्यक कदम उठाएगा।

इस बीच प्रशासन ने भी स्थिति पर नजर बनाए रखी है और बताया कि अभियान के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए जाएंगे।

# कोलकाता पुलिस को कानूनी सलाह देने के लिए विशेष पद का प्रस्ताव, साइबर अपराध पर भी अतिरिक्त नजर

**कोलकाता :** राज्य सरकार ने पुलिस जांच को लेकर अनावश्यक विवाद वम् सवालों से बचने के लिए पहले ही प्रत्येक सब-डिवीजन में कानूनी सलाहकार नियुक्त करने की पहल की थी। इससे व्यावहारिक रूप से सकारात्मक परिणाम मिले हैं, ऐसा दावा किया जा रहा है। अब इसी तर्ज पर कोलकाता पुलिस को कानूनी सलाह देने और अचानक बढ़े साइबर अपराध पर लगाम कसने के लिए राज्य सरकार एक बड़ा कदम उठाने जा रही है।

नवन्ना सूत्रों के अनुसार, कोलकाता पुलिस में संयुक्त पुलिस आयुक्त (जॉइंट सीपी) के दो अतिरिक्त पद सृजित किए जाएंगे। इसके लिए राज्य मंत्रिमंडल में प्रस्ताव भेजा गया है। अनुमति मिलते ही नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाएगी।



इन दो पदों में से एक जॉइंट सीपी पुलिस के विभिन्न मामलों में कानूनी पक्षों की निगरानी करेंगे, जबकि दूसरे अधिकारी साइबर अपराध की जांच और नियंत्रण पर नजर रखेंगे।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज से जुड़ी कुछ घटनाओं में पुलिस द्वारा केस को संभालने में बार-बार ला-परवाही सामने आई थी और समय पर उचित कानूनी सलाह नहीं ली गई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि हर जिले में कानूनी विशेषज्ञ नियुक्त किए जाएंगे। इस घोषणा के तहत अब तक राज्य के 99 सब-डिवीजनों में एक-एक कानूनी सलाहकार की नियुक्ति की जा चुकी है। अब कोलकाता पुलिस में भी एक-एक विशेषज्ञ अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। इन पदों पर आईपीएस रैंक के अनुभवी अधिकारियों को नियुक्त किया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार, कानूनी जॉइंट सीपी का मुख्य काम होगा – विभिन्न मामलों में सही कानूनी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना, मामलों की प्रगति पर नजर रखना और संवेदनशील मामलों को कैसे हैंडल किया जाए, इसकी दिशा-निर्देश तैयार करना। वहीं, साइबर जॉइंट सीपी साइबर अपराध के मामलों की मॉनिटरिंग करेंगे और इस दिशा में सक्रिय कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

## दीघा जा रही बस और कंटेनर में आमने-सामने की टक्कर, 17 घायल

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के कृष्णनगर में दीघा-नंदकुमार 116बी राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार की सुबह दीघा जा रही एक यात्री बस और विपरीत दिशा से आ रहे कंटेनर में आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों गाड़ियों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें गंभीर हालत में हेरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस में सवार कम से कम 15 पर्यटक भी घायल हुए हैं। उनका भी हेरिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ देर के लिए भीषण जाम लग गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। सूचना मिलने पर हेरिया की पुलिस आनन-फानन में मौके पर पहुंची। स्थानीय निवासियों ने बताया कि कंटेनर तेज गति से चल रहा था। उसने नियंत्रण खो दिया और विपरीत दिशा से आ रही बस को टक्कर मार दी। टक्कर में दोनों वाहनों के आगे के हिस्से चकनाचूर हो गए।

# 9500 रुपये वेतन, सात करोड़ रुपये जीएसटी बकाया!

- **हावड़ा के फैक्ट्री कर्मचारी के घर पर जीएसटी अधिकारियों ने मारा छापा**


**हावड़ा, समाज्ञा :** पेशे से फैक्ट्री कर्मचारी। मात्र 9500 रुपये मासिक वेतन। लेकिन उस पर सात करोड़ रुपये जीएसटी बकाया! जीएसटी अधिकारियों ने बकाया वसूली के लिए हावड़ा के डोमजूड़ में एक कर्मचारी के घर छापा मारा। 25 वर्षीय कार्तिक रुईदास पूरी घटना से सदमे में हैं। उन्होंने सोमवार को थाने में शिकायत की। डोमजूड़ के खाटोरा निवासी कार्तिक डोमजूड़ में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे जालान कॉम्प्लेक्स में एक फैक्ट्री में काम करते हैं। पिछले गुरुवार को जब कार्तिक फैक्ट्री में काम कर रहे थे, तो उन्हें खबर मिली कि राज्य जीएसटी कार्यालय के छह सदस्यों की एक टीम ने उनके घर पर छापा मारा है। घर से फोन आने पर वह डरने से ज्यादा हैरान थे। कार्तिक सुबह-सुबह साइकिल से घर के लिए निकल पड़े। जैसे ही फैक्ट्री कर्मचारी घर लौटे, जीएसटी अधिकारियों ने उन्हें बताया कि उनके नाम पर सात करोड़ रुपये का जीएसटी बकाया है। इतना ही नहीं, कार्तिक केडी इंटरप्राइजेज नाम की एक कंपनी का मालिक है। वहां कार्तिक के बैंक खाते में हर महीने 36 करोड़ रुपये ट्रांसफर होते हैं। उस पर करोड़ों रुपये की टैक्स चोरी का आरोप है। अफसरों की ये सारी बातें सुनकर कार्तिक की आंखें फटी की फटी रह गईं। उसने अफसरों को बताया कि वह जालान कॉम्प्लेक्स में एक फैक्ट्री में मामूली तनख्वाह पर काम करता है। दिन-रात गुजारा करता है। उसी मामूली कमाई से वह किसी तरह अपनी पत्नी और बच्चे का भरण-पोषण करता है। उसने अपने जीवन में कभी कोई कारोबार नहीं किया। न ही उसके पास ऐसा करने की क्षमता या हिम्मत है। कार्तिक ने आरोप लगाया कि किसी ने उसका नाम, पता, पैन कार्ड, आधार कार्ड और बिजली बिल की जानकारी का इस्तेमाल कर जीएसटी पोर्टल पर उसका नाम दर्ज कर दिया है। कार्तिक का जर्जर मकान और घर के सामने संकरी सड़क देखकर जीएसटी अफसरों को लगा होगा कि कहीं कुछ गड़बड़ है। जांच करने पर जीएसटी अफसरों को पता चला कि जीएसटी पोर्टल पर दिए गए दोनों मोबाइल नंबर फर्जी थे। कार्तिक का मोबाइल नंबर अलग था। कार्तिक ने डोमजूड़ पुलिस स्टेशन और हावड़ा सिटी पुलिस के साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि इस घटना के पीछे कोई आपराधिक गिरोह तो नहीं है।

# केंद्र ने पंचायत विभाग का 6,919 करोड़ का बकाया भुगतान अब तक नहीं किया : प्रद्दीप मजूमदार

### पंचायत मंत्री का आरोप, केंद्र द्वारा फंड रोके जाने की वजह से कई योजनाओं के संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य के पंचायत मंत्री प्रद्दीप मजूमदार ने सोमवार को विधानसभा में केंद्र सरकार पर वित्तीय भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र ने राज्य के पंचायत विभाग का 6,919.76 करोड़ का बकाया भुगतान अब तक नहीं किया है। उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान सदन को बताया कि इसमें से 3,731 करोड़ रुपये मनरेगा मजदूरी के हैं, जो सीधे तौर पर ग्रामीण मजदूरों के हितों से जुड़ा हुआ मामला है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने बार-बार केंद्र से यह राशि जारी करने की मांग की है, लेकिन



कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला। केंद्र सरकार इस मामले में पूरी तरह से उदासीन रवैया अपना रही है। मजूमदार ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने खुद कई बार केंद्र सरकार को पत्र लिखकर पंचायत विभाग की लंबित राशि को जल्द से जल्द जारी करने की मांग की। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि हमने दस्तावेजों और आंकड़ों के साथ अपनी मांगों को केंद्र के समक्ष रखा है। मुख्यमंत्री ने बार-बार यह मुद्दा उठाया है, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार का इस पर कोई संज्ञान नहीं है। ये दुर्भाग्यपूर्ण और दुर्भावनापूर्ण है। मंत्री ने बताया कि केंद्र द्वारा फंड रोके जाने की वजह से पंचायत विभाग को कई योजनाओं के संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर से मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) के तहत मजदूरी का भुगतान समय पर नहीं हो पा रहा है। गांवों में काम रुका हुआ है। मजदूरों को समय पर भुगतान नहीं मिल रहा। पंचायतें संसाधनों की कमी से जूझ रही हैं, पर केंद्र सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने आरोप लगाया कि यह 2021 के बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार के बाद केंद्र की राज्य के साथ राजनीतिक दुर्भावना का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित राज्यों को समय पर फंड जारी किया जा रहा है, जबकि बंगाल जैसे विपक्ष शासित राज्यों को योजनाओं से वंचित किया जा रहा है। पंचायत मंत्री ने जोर दिया कि इसका सीधा असर गांव, गरीब और मजदूरों पर पड़

# कालीघाट में युवक की हत्या के चार दिन बाद आरोपित गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

कालीघाट में दिनदहाड़े हुई एक युवक की हत्या के मामले में महज चार दिन के भीतर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सोमवार की सुबह कालीघाट थाने की पुलिस ने इस मामले में अशेष सरकार उर्फ पिकलू नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। जांच अधिकारियों के अनुसार, दुकान के साइनबोर्ड टूटने को लेकर हुए विवाद से यह हत्या जुड़ी हुई है। बता दें कि यह घटना 13 जून को दोपहर लगभग 3:30 बजे कालीघाट के बेनीनंदन स्ट्रीट पर हुई थी। यहां एक दुकान में कार्यरत युवक सौमेन घरा पर छुरे से हमला किया गया था। पुलिस जांच में सामने आया कि जिस समय दुकान का सामान एक लॉरी में लादा जा रहा था, उस दौरान लॉरी ने पास की दुकान के साइनबोर्ड को टक्कर मार दी। इससे साइनबोर्ड टूट गया और इसी बात को लेकर दो दुकानों के कर्मचारियों के बीच बहस शुरू हो गई।

इसी दौरान, अशेष सरकार उर्फ पिकलू घटनास्थल पर पहुंचा और छुरी लेकर सौमेन पर हमला कर दिया। वह वारदात को अंजाम दोकर भागने लगा लेकिन कुछ लोगों ने उसे रोकने की कोशिश की, जिसमें वे भी घायल हो गए। इसके बाद, पिकलू मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल सौमेन को तुरंत एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। कालीघाट थाने की पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। साथ ही प्रत्यक्षदर्शियों से बातचीत की गई। इन तमाम प्रयासों के चलते पुलिस ने केवल चार दिन में आरोपित की पहचान कर ली और उसे गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को आरोपित को अदालत में पेश किया जाएगा और पुलिस उसे अपनी हिरासत में लेकर पूछताछ करने की योजना बना रही है।

# खेत में साग तोड़ती महिला से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बागदा थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ हुए दुष्कर्म की दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। रविवार को एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि जब वह खेत में साग तोड़ने गई थी, उसी दौरान 48 वर्षीय व्यक्ति ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। शिकायत दर्ज होते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को आरोपी को बनगांव महकमा अदालत में पेश किया गया। यह कोई अकेली घटना नहीं है। पिछले महीने मिनाखां थाना क्षेत्र में भी इसी प्रकार की एक घटना हुई थी, जहां एक विवाहित महिला के साथ उसके घर में रात के समय बलात्कार किया गया। महिला ने बताया कि जब वह अकेली सो रही थी और उसका पति कार्यवश बाहर था, तब आरोपी ने घर का दरवाजा तोड़कर घुसपैठ की और उसके साथ दुष्कर्म किया। बलात्कारी ने घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। बाद में आरोपी बाबूसोना मिर को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

इसी तरह अप्रैल में पलाशीपाड़ा थाना क्षेत्र के बार्नियां इलाके में एक युवती को तीन युवकों द्वारा जबरन निर्माणाधीन अस्पताल में ले जाकर दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया था। युवती को अस्पताल के पास बुलाकर राहुल नामक युवक ने अपने साथियों के साथ इस वारदात को अंजाम दिया। अत्यधिक रक्तस्राव के कारण पीड़िता ने बाद में परिवार को पूरे मामले से अवगत कराया।ल इन घटनाओं ने जिले में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# 21 जुलाई की रैली के प्रचार के लिए तृणमूल विधायकों को मिला पेनड्राइव

- **विधानसभा में पार्टी नेतृत्व की ओर से सभी विधायकों को सौंपा गया पेनड्राइव**
- **पेनड्राइव में मौजूद मुख्यमंत्री के भाषण को अपने क्षेत्र में जनता तक पहुंचाने का निर्देश**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा में सोमवार को तृणमूल कांग्रेस के विधायकों को आगामी 21 जुलाई को होने वाली पार्टी की वार्षिक शहीद दिवस रैली के प्रचार-प्रसार के लिए पार्टी नेतृत्व की ओर से एक विशेष पेनड्राइव सौंपा गया। इस पेनड्राइव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का एक रिकॉर्डेड भाषण है, जिसे सभी विधायक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में जनसंपर्क और जागरूकता अभियान के तहत प्रसारित करेंगे। मुख्यमंत्री व तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने अपने भाषण में बताया है कि 21 जुलाई 1993 को किस प्रकार वामफ्रंट की तत्कालीन सरकार ने आंदोलन कर रहे युवा कार्यकर्ताओं पर अत्याचार किया था। उन्होंने उस दिन को राजनीतिक बलिदान और लोकतंत्र की लड़ाई का प्रतीक बताया है। भाषण में ममता ने कहा कि 21 जुलाई सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि बंगाल की राजनीतिक चेतना और युवाओं के संघर्ष की गवाही है। इस दिन को हम इसलिए मनाते हैं ताकि अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने वालों की कुर्बानी को कभी न भुलाया जा सके। तृणमूल नेतृत्व की ओर से सभी विधायकों को निर्देश दिया गया है कि वे इस पेनड्राइव में मौजूद मुख्यमंत्री के भाषण को अपने क्षेत्र में जनता तक पहुंचाएं, उसे वीडियो और ऑडियो के माध्यमों से प्रचारित करें और कोलकाता के धर्मतल्ला में हर साल की तरह होने वाली 21 जुलाई की शहीद दिवस रैली में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करें। पेनड्राइव में रिकॉर्ड भाषण के जरिए पार्टी यह सुनिश्चित करना चाहती है कि 21 जुलाई रैली की भावनात्मक और ऐतिहासिक गूंज हर विधानसभा क्षेत्र में सुनाई दे।

## अभिजीत गंगोपाध्याय की हालत स्थिर, देखने पहुंचे सुकांत मजूमदार



**कोलकाता, समाज्ञा :** अभिजीत गंगोपाध्याय शनिवार की रात से अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। उन्हें पहले पेट दर्द और उल्टी की शिकायत के चलते भर्ती कराया गया था। बाद में, पता चला कि उन्हें पैन्क्रियाटाइटिस और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सेप्सिस की समस्या है। सोमवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार उनसे मिलने अस्पताल गए थे। अभिजीत गंगोपाध्याय फिलहाल अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में गहन निगरानी में हैं। डॉक्टरों ने बताया कि पूर्व न्यायाधीश की शारीरिक स्थिति फिलहाल स्थिर है। हालांकि, अभी भी वे चिंता से मुक्त नहीं हैं। उनके इलाज के लिए एक विशेष मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है। इस टीम में इंटरनल मेडिसिन, क्रिटिकल केयर, कार्डियोलॉजी, पल्मोनोलॉजी, एंडोक्राइनोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और सर्जरी के जाने-माने डॉक्टर शामिल हैं। सुकांत मजूमदार ने बताया कि ऐसी बीमारी के लिए लंबे समय तक इलाज की जरूरत होती है। हालांकि, सही समय पर इलाज शुरू हो गया है। हालांकि, फिलहाल वह खतरे से बाहर हैं, लेकिन उन्हें थोड़ी चिंता है। हालांकि, उन्हें उम्मीद है कि तामलुक से भाजपा सांसद को इसी महीने अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। अस्पताल की ओर से बयान भी जारी किया गया है।

# युवती को प्रताड़ित करने के मामले में पुलिस ने आरोपित के घर से डीवीआर किया जब्त

### पुलिस ने एक लैंपटॉप और एक कैंची भी बरामद की

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा सिटी पुलिस ने बांकड़ा स्थित फ्लैट में उत्तर 24 परगना के सोदपुर की युवती को प्रताड़ित करने की आरोपित श्वेता खान और उसके बेटे आर्यन खान के फ्लैट पर छापा मारा। कई सामान बरामद हुए। जिसमें सीसीटीवी डीवीआर भी शामिल है। दूसरी ओर, पुलिस हिरासत में मौजूद मां-बेटे बार-बार खुद को निर्दोष बता रहे हैं। उन पर लगे सभी आरोप झूठे हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, डोमजूर थाने की एक टीम रविवार की देर रात बांकरा फकीरपाड़ा गई थी। उसने श्वेता और आर्यन के फ्लैट की तलाशी ली और एक मोबाइल फोन बरामद किया। बताया जा रहा है कि यह सोदपुर की पीड़िता का है। इसके साथ ही पुलिस ने एक लैपटॉप और एक कैंची भी बरामद की। दरअसल, आरोप है कि छह महीने तक बंधक बनाकर रखी गई युवती का कथित तौर पर हाथ भी काटा गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, फ्लैट के सीसीटीवी का डीवीआर (डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर) मिल गया है। इसे जांच के लिए फोरेंसिक विशेषज्ञों के पास भेजा गया है। गौरतलब है कि डोमजूर पुलिस ने पिछले बुधवार को एक युवती को प्रताड़ित करने और उसका यौन शोषण करने के आरोप में श्वेता और उसके बेटे आर्यन को कोलकाता के अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया था। छह महीने तक बंधक बनाए रखने के बाद युवती किसी तरह श्वेता के फ्लैट से भाग निकली। उसका अभी भी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# चुंचुड़ा में ट्रैफिक होमगार्ड की संदिग्ध मौत, सुसाइड नोट में पति और बेटी को ठहराया जिम्मेदार

**हुगली :** चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के यातायात विभाग की एक अस्थायी महिला कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत से सोमवार को चुंचुड़ा इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक का नाम देवप्रिया सेठ (34) बताया गया है, जो ट्रैफिक होमगार्ड के रूप में तैनात थीं। घटना चुंचुड़ा नगरपालिका के वार्ड नंबर 30 के गरबाती राजराजेश्वरीतला की है, जहां देवप्रिया का शव उसके पिता के घर में फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।



पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, देवप्रिया की शादीशुदा जिंदगी पिछले कुछ समय से तनावपूर्ण चल रही थी। उसकी मां मंजुला भट्टाचार्य ने बताया कि देवप्रिया का स्थानीय एक युवक से परिचय था, जिसे लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में देवप्रिया का पति उक्त युवक के घर जाकर हंगामा भी कर चुका था।

परिवार ने दावा किया है कि देवप्रिया ने एक डायरी में सुसाइड नोट लिखा था, जिसमें उसने अपनी आत्महत्या के लिए अपने पति और बेटी को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि उसकी मां ने साफ कर दिया कि वे कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करेंगी, वहीं देवप्रिया की नाबालिग बेटी ने कहा कि वह अपने पिता के साथ रहना चाहती है।

घटना के बाद स्थानीय वार्ड पार्षद सौमित्र घोष ने बताया, देवप्रिया ट्रैफिक विभाग में होमगार्ड थी। हमें जानकारी मिली है कि उसने पारिवारिक समस्याओं से परेशान होकर यह कदम उठाया। सुसाइड नोट मिला है और पुलिस जांच में जुटी हुई है।

पुलिस इस पूरे मामले की तफ्तीश कर रही है। सुसाइड नोट की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है और पारिवारिक पृष्ठभूमि की भी गहन छानबीन की जा रही है।

# अहमदाबाद विमान हादसे के पीड़ितों को भोजपुरी नवयुवक संघ ने दी श्रद्धांजलि



**हावड़ा :** अहमदाबाद में हाल ही में हुए दर्दनाक विमान हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए भोजपुरी नवयुवक संघ की ओर से हावड़ा के नमक गोला घाट पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस भावभीनी श्रद्धांजलि सभा में उत्तर हावड़ा के विधायक गौतम चौधरी, संस्था के अध्यक्ष वेद तिवारी, सत्यप्रकाश जायसवाल, प्रदीप सिंह, सुनील गुप्ता, अभिषेक पांडेय, अमित सिंह, अरविंद जायसवाल, रमेश जायसवाल, विकास सिंह, संदीप सिंह, सतीश सिंह, विशाल पांडेय, विक्की सिंह, अभिषेक सिंह, प्रकाश प्रसाद और मुन्नू राम एवं समस्त गंगा आरती टीम ने दिवंगतों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# सीसीटीवी-ड्रोन से होगी दीघा रथ यात्रा की निगरानी

### ममता का निर्देश, सभी विधायक अपने इलाके में आयोजित करें रथ यात्रा

**कोलकाता, समाज्ञा :** इस बार दीघा में कुछ ही दिनों में एक बड़ा आयोजन होने जा रहा है। यह पहली बार होगा जब जगन्नाथ मंदिर में रथ की रस्सियां खींची जाएंगी। और प्रशासनिक अधिकारी इस संभावना से इनकार नहीं कर रहे हैं कि इससे अत्यधिक भीड़ उमड़ेगी। जिला प्रशासन पहले से ही यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है कि पहली रथ यात्रा सुचारू रूप से और बिना किसी समस्या के संपन्न हो। प्रशासन के सूत्रों के अनुसार, दीधा में पहली रथ यात्रा उत्सव के लिए लगभग 2 लाख भक्तों के जुटने की उम्मीद है। इसलिए निगरानी और सुरक्षा में कोई कमी नहीं छोड़ना चाहते हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, भीड़ पर नजर रखने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा। रथ यात्रा के मार्ग में जगह-जगह अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। जगन्नाथ मंदिर न्यास समिति के सदस्य राधारमण दास ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सभी तैयारियां चल रही हैं। कई बैठकें हो चुकी हैं। रथ यात्रा से पहले प्रशासन के अधिकारियों के साथ एक और बैठक होगी। पूर्वी मिदनापुर के एसपी सौम्यदीप भट्टाचार्य ने कहा कि जिस तरह मंदिर के उद्घाटन के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की गई थी, उसी तरह रथ पर भी अतिरिक्त निगरानी होगी। दूसरे जिलों से पुलिस अधिकारी और पुलिस कर्मियों को लाया जाएगा। दीघा शहर की सभी सड़कों पर यातायात नियंत्रित किया जाएगा। अंतिम रूपरेखा तैयार होने के बाद सभी को सूचित कर दिया जाएगा। इस बीच, दीघा स्थित जगन्नाथ मंदिर में रविवार से भोग प्रसाद का वितरण शुरू हो गया है।

स्नान यात्रा के बाद से मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को खिचड़ी और मीठा प्रसाद बांटा जा रहा है। श्रद्धालु मिट्टी के बर्तन में खिचड़ी और मीठा प्रसाद 100 रुपये में खरीद सकते हैं। रथ यात्रा के दौरान भी भक्त इस तरह से जगन्नाथ देव की मौसी के घर से प्रसाद खरीद सकेंगे। इस बीच, स्नान यात्रा के बाद से जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा एकांतवास में हैं। 108 घड़ों के जल से स्नान करने के बाद उन्हें बुखार आ गया। मंदिर ट्रस्टी समिति के सदस्य और इस्कॉन की कोलकाता शाखा के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने बताया कि अब वे आइसोलेशन में रहकर इलाज करवा रहे हैं। उन्हें स्वस्थ होने में मदद करने के लिए दस पेड़ों के रस से बना विशेष पथ्यन, ताड़ के चीनी का पानी और उबली हुई साजी का भोग दिया जा रहा है। रथ यात्रा के दिन उन्हें फिर से भक्तों के सामने लाया जाएगा।

इधर, इस दिन, नवान्न सभागार में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री ने अपना पार्टी के सभी विधायकों को निर्देश दिया है कि रथयात्रा के दिन अपने-अपने इलाके में रहने के साथ-साथ रथयात्रा का आयोजन करें।

# अवमानना मामले में कुणाल घोष की हाई कोर्ट में पेशी, विशेष पीठ नहीं बैठी

### रजिस्ट्रार जनरल के समक्ष दर्ज हुई उपस्थिति

**कोलकाता, समाज्ञा :** सोमवार को तृणमूल कांग्रेस के राज्य महासचिव कुणाल घोष को कलकत्ता हाई कोर्ट की विशेष पीठ के सामने पेश होना था। लेकिन पीठ के एक न्यायाधीश चिकित्सा कारणों से उपस्थित नहीं थे, जिसके चलते सुनवाई नहीं हो सकी। हालांकि अदालत के निर्देश के मुताबिक कुणाल घोष ने उपस्थिति दी, जिसे रजिस्ट्रार जनरल के समक्ष दर्ज किया गया। घोष ने बाहर निकलते हुए कहा कि मेरे खिलाफ रूल जारी हुआ था? मुझे बताना होगा कि मुझे जेल क्यों न भेजा जाए या दंड क्यों न दिया जाए। इसी कारण मुझे पीठ के सामने पेश होना था। आज मैं इसलिए आया था। घोष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याण बनर्जी, अयन चक्रवर्ती और राहुल मिश्रा मौजूद थे। बनर्जी ने न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी से कहा कि मैं चंडीगढ़ से केवल इस मामले के लिए आया हूं, मेरा मुवक्किल भी आया है, अब जब पीठ नहीं बैठ रही तो क्या होगा? इसके बाद न्यायाधीश के निर्देश पर घोष की उपस्थिति रजिस्ट्रार जनरल के समक्ष दर्ज कर दी गई। बता दें कि यह मामला एसएलएसटी शारीरिक शिक्षा और कार्य शिक्षा उम्मीदवारों के एक विवादास्पद प्रदर्शन से जुड़ा है, जिसमें अदालत की अवमानना का आरोप लगाया गया है। इस प्रदर्शन में घोष का नाम अंत में जोड़ा गया। 19 मई की सुनवाई में घोष की ओर से कहा गया था कि उनका हलफनामा तैयार है लेकिन चूंकि पुलिस रिपोर्ट देर से मिली, इसलिए उसे शामिल करना जरूरी है, इस वजह से हलफनामा जमा नहीं किया गया। कोर्ट ने पाया कि किसी भी पक्ष ने हलफनामा दाखिल नहीं किया, जिसके बाद 16 जून को सभी को सशरीर उप-स्थित होने का निर्देश दिया गया। अदालत ने यह भी कहा था कि बिना अनुमति के कोई बाहर नहीं जा सकेगा। हालांकि, इस दिन, विशेष पीठ की अनुपस्थिति के कारण सुनवाई नहीं हुई, लेकिन घोष की उपस्थिति दर्ज हो गई और अब उन्हें बाहर जाने की अनुमति मिल गई है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### महोबा में भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

**बांदा (उप्र):** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के श्रीनगर थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर कार और मोटरसाइकिल के बीच भीषण टक्कर होने से पांच लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। महोबा जिले की अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) वंदना सिंह ने बताया कि श्रीनगर थाना क्षेत्र में श्रीनगर-बेलाताल मार्ग पर ननौरा गांव के नजदीक सोमवार दोपहर डेढ़ बजे के करीब एक ईको कार और मोटरसाइकिल के बीच भीषण टक्कर हो गई तथा कार में फंसकर मोटरसाइकिल करीब 20 मीटर तक घिसटती चली गई ।

### राजस्थान: नहर में डूबने से तीन किशोरों की मौत

**जयपुर:** राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा कस्बे में सोमवार को एक नहर में दो भाइयों समेत तीन बच्चे डूब गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार बकरी चराने गए तीन बच्चे नहाने के लिए नहर में उतरे थे और हादसे का शिकार हो गए। तीनों किशोर एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में तीनों डूब गए। पीलीबंगा थाने के आरक्षी अरविंद कुमार ने बताया कि तीनों की उम्र 10 से 12 साल थी। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान कृष्ण बावरी, उनके भाई वकील और रमन कुम्हार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि शवों को नहर से निकाला गया है।

### देवरिया में सरयू नदी में डूबने से दो सगे भाइयों समेत तीन युवकों की मौत

देवरिया (उप्र): देवरिया जिले के बरहज में सोमवार को सरयू नदी में स्नान कर रहे दो सगे भाइयों समेत तीन युवकों की डूबने से मौत हो गयी। एक प्रशासनिक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बरहज के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) विपिन द्विवेदी ने बताया कि गोरखपुर के मोहद्दीपुर निवासी प्रदीप (24), रोहित (21) और बंटी (20) रविवार को बरहज कस्बे के पटेल नगर में अपने नाना के घर आये थे। उन्होंने बताया कि सोमवार को तीनों सरयू नदी में स्नान कर रहे थे कि इसी बीच वे गहरे पानी में डूबने लगे। उप जिलाधिकारी ने बताया कि घाट पर मौजूद नाविकों ने तीनों को बाहर निकाला और बरहज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

## योगी आदित्यनाथ ने अम्बेडकरनगर में 1,184 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया



**अम्बेडकरनगर (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अम्बेडकरनगर जिले के कटेहरी में एक भव्य समारोह में 1,184 करोड़ रुपये की 194 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक 102 योजनाओं का लोकार्पण किया गया और 92 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों की मांग पर विचार करते हुए कहा कि अकबरपुर बस स्टैंड का नामकरण 'श्रवणधाम बस स्टैंड' होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह नामकरण श्रवण धाम की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्ता को सम्मान देने का प्रयास है, जो मातृ-पितृ भक्ति का प्रतीक है। उन्होंने टांडा बस स्टैंड का नाम स्वर्गीय जयराम वर्मा के नाम पर 'जयराम वर्मा बस स्टैंड' करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रवण धाम को रामायण काल से पूर्व के धाम के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे पहले मुख्यमंत्री ने शिव बाबा धाम में विधिवत दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। विपक्ष पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि कुछ लोगों को उत्तर प्रदेश का विकास अच्छा नहीं लगता, उन्हें केवल अपने परिवार का विकास ही अच्छा लगता है, ऐसे लोग परिवार के नाम पर जाति को निशाना बनाते हैं। उन्होंने कहा कि जातिवाद के नामपर सत्ता में आकर नग्न तांडव करते हैं, समाज को बांटते हैं तथा पर्व-त्योहार के उत्साह और उमंग को फीका करते हैं। उन्होंने समाज को बांटने वालों को बेनकाब करने की बात भी कही। बयान के अनुसार योगी ने 'मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना' के तहत पूरे उत्तर प्रदेश के 11,690 किसान परिवारों को 561.86 करोड़ रुपये की सहायता राशि वितरित करने की बात कही जिसमें अम्बेडकरनगर के 431 परिवार शामिल हैं।

### सम्भल में नगर पालिका की जमीन पर बनी मस्जिद और मकानों पर चलेगा बुलडोजर : जिलाधिकारी

**संभल (उप्र):** संभल जिले में चंदौसी नगर पालिका परिषद क्षेत्र के वारिसनगर में परिषद की साढ़े छह बीघा जमीन पर कथित तौर पर अतिक्रमण करके बनायी गयी एक मस्जिद और 33 मकानों पर जल्द ही बुलडोजर की कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने सोमवार को संवाददाताओं को बताया कि चंदौसी में नगर पालिका परिषद की जमीन पर अवैध रूप से एक मस्जिद और 33 मकान बनाये जाने की शिकायत इसी साल मार्च में चंदौसी तहसील कार्यालय में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में की गई थी। उन्होंने बताया कि इसके बाद तहसील प्रशासन को जांच के आदेश दिए थे तथा जांच के बाद नगर पालिका परिषद ने संबंधित जमीन पर बनी मस्जिद और मकानों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किया है।

## न्यूज अपडेट

### शिवराज ने आंबेडकर के 'अपमान' के लिए लालू पर साधा निशाना



**पटना:** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बाबा साहब आंबेडकर का कथित रूप से अपमान करने के लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद पर सोमवार को निशाना साधते हुए कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री को राज्य और देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। अत्यंत पिछड़े वर्ग से आने वाले स्वतंत्रता सेनानी बुद्धू नोनिया की स्मृति में आयोजित एक समारोह में शामिल होने पटना आए शिवराज ने हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात की। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने कहा, 'मैं अचंभित हूं कि लालू प्रसाद के साथ क्या गलत हुआ है। उन्होंने भारत रत्न से सम्मानित आंबेडकर की तस्वीर अपने पैरों के नीचे रखवाई थी, जिन्होंने देश को उसका संविधान दिया। मुझे दुख और पीड़ा महसूस हो रही है।' चौहान पिछले सप्ताह प्रसाद के 78वें जन्मदिन समारोह के एक वीडियो फुटेज का हवाला दे रहे थे, जिसमें एक आगंतुक ने राजद सुप्रीमो के पैर के पास आंबेडकर का चित्र रखा था। हालांकि, राजद ने इस आरोप से इनकार किया और दावा किया है कि आगंतुक ने अपने हाथों में चित्र पकड़ रखा था और भाजपा 'कैमरा एंगल' के कारण विवाद खड़ा कर रही है। चौहान ने कहा कि इस घटना ने प्रसाद के 'सामाजिक न्याय' के मसीहा होने के दावों पर सवाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा, 'बिहार और पूरे देश के लोग राजद और उसके अध्यक्ष को कभी माफ नहीं करेंगे।' इस बीच, प्रसाद के बेटे तेजस्वी यादव ने अपने पिता द्वारा माफ़ी मांगने की संभावना से इनकार किया है। जब एक प्रेस वार्ता में उनसे विवाद के बारे में सवाल पूछे गए, तो उन्होंने पलटवार करते हुए कहा, 'क्या केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने माफी मांगी है?'

### महाराजगंज में प्रेमिका की मौत के बाद युवक ने उसकी मांग में सिंदूर भरा, आजीवन अविवाहित रहने का फैसला

**महाराजगंज (उप्र):** महाराजगंज जिले के निचलौल इलाके में एक युवक ने अपनी प्रेमिका की मौत के बाद कथित रूप से मांग में सिंदूर भरकर शव से शादी की एवं उसको पत्नी का दर्जा दिया तथा मुखाग्नि देने के बाद आजीवन अविवाहित रहने का फैसला किया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार निचलौल नगर के कृष्णा नगर वार्ड की रहने वाली प्रियंका मद्धेशिया (23) और हरेडीह निवासी सनी मद्धेशिया (29) कई सालों से एक-दूसरे से प्यार करते थे। जानकारी मिलने के बाद दोनों के परिवार वाले उनकी शादी के लिए राजी हो गए। इस साल 29 नवंबर को दोनों की शादी की तारीख भी पक्की हो गई, लेकिन दुर्भाग्य से रविवार रात मामूली विवाद के बाद प्रियंका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूत्रों का कहना है कि परिजन उसे नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रियंका की अचानक मौत से पूरा मोहल्ला स्तब्ध रह गया।

### हज यात्रियों को लखनऊ ले कर आए विमान के पहियों से धुआं निकला, सभी यात्री सुरक्षित

**लखनऊ/बलिया:** जेद्दा से 242 हाजियों को लेकर लखनऊ पहुंचे सऊदी एयरलाइंस के विमान के उतरते समय पहियों से धुआं निकलने के बाद यहां हवाई अड्डे पर अलार्म बज गया। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार यह घटना रविवार सुबह शहर के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुई और सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। विमान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'जेद्दा से 242 हज यात्रियों को वापस ला रहे सऊदी विमान के पहियों से धुआं निकलता देखा गया।' उन्होंने कहा, 'विमान बचाव और अग्निशमन (एआरएफएफ) टीम मौके पर पहुंची। सऊदी टीम के साथ मिलकर धुएं पर काबू पाया गया और विमान को होने वाले नुकसान को टाला गया।' उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे के परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ा। सूत्रों ने कहा, 'खाली विमान आज अपने गंतव्य वापस लौटेगा।' इस बीच, उप्र के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री और उप्र हज कमेटी के अध्यक्ष दानिश आजाद अंसारी ने बलिया में कहा कि सभी हाजी सुरक्षित हैं। अंसारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा,'सभी हाजी सुरक्षित हैं। विमान के उतरने के बाद एक मामूली तकनीकी समस्या आई थी, क्योंकि विमान के पहिए से कुछ चिंगारी निकली थी।' उन्होंने कहा,'यात्रा के दौरान कोई समस्या नहीं आई, सभी लोग सहज थे। विमान के उतरने पर थोड़ी समस्या आई थी। सभी हाजी आराम से वापस लौट आए हैं।'

## प्रवासी राजस्थानियों के लिए नए विभाग का गठन करेगी राजस्थान सरकार: शर्मा



**जयपुर:** राजस्थान सरकार प्रवासी राजस्थानियों के लिए नए विभाग का गठन करेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यहां एक बैठक में कहा कि सरकार 10 दिसंबर को प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन आयोजित करेगी। मुख्यमंत्री ने यहां 'प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन - 2025' की कार्ययोजना के संबंध में बैठक की अध्यक्षता की। शर्मा ने कहा कि राजस्थानियों ने अपने सामर्थ्य की बदौलत विश्वभर में प्रदेश का मान बढ़ाया है। आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों के योगदान के सम्मान में राज्य सरकार आगामी 10 दिसंबर को प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन का आयोजन करने जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को आयोजन को सफल बनाने के लिए समयबद्ध रूप से काम करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों की सहूलियत और उनके मुद्दों के लिए हमने कई कदम उठाए हैं। राज्य सरकार उनके लिए एक नए विभाग का गठन करने जा रही है। साथ ही, सभी जिलों में अतिरिक्त जिलाधिकारी को प्रवासी राजस्थानियों से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए नोडल अधिकारी बनाने के संबंध में आदेश एवं दिशानिर्देश भी जारी हो चुके हैं।

### राहुल गांधी के विवादित बयान मामले में अगली सुनवाई 18 जुलाई को

**संभल (उप्र):** संभल जिले की एक अदालत ने सोमवार को एक विवादित बयान मामले में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ अगली सुनवाई की तारीख 18 जुलाई तय की। अदालत में याचिकाकर्ता ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गांधी पर आरोप लगाया है, 15 जनवरी को नेता प्रतिपक्ष ने दिल्ली कांग्रेस कार्यालय के उद्घाटन पर कहा था कि हमारी लड़ाई बीजेपी-आरएसएस से नहीं, इंडिया स्टेट से है।' याचिकाकर्ता हिंदू शक्ति दल के अध्यक्ष सिमरन गुप्ता के अधिवक्ता सचिन गुप्ता ने कहा कि अपर जिला सत्र न्यायाधीश (एडीजे-द्वितीय) आरती फौजदार ने सुनवाई की अगली तारीख 18 जुलाई तय की । अदालत ने सिमरन गुप्ता के परिवाद पर राहुल गांधी को अब 18 जुलाई को जवाब दाखिल करने का नोटिस जारी किया है।

## पटना में जल्द ही 'वाटर मेट्रो' सेवा शुरू होगी: सोनोवाल



**पटना:** पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने पटना में जल्द 'वाटर मेट्रो' सेवाएं शुरू होने की घोषणा करते हुए सोमवार को कहा कि शहर गंगा पर अंतर-देशीय जल परिवहन प्रणाली का केंद्र बन जाएगा। यह घोषणा राज्य के विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले की गई है। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में अंतर-देशीय जल परिवहन के विकास पर यहां एक परामर्श बैठक को संबोधित करते हुए सोनोवाल ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार माल ढुलाई, पर्यटन और स्थानीय आजीविका के लिए नदी प्रणालियों की पूरी क्षमता का दोहन करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, 'वाटर मेट्रो प्रणाली नदी के दोनों किनारों को जोड़ेगी और पटना के लिए स्वच्छ, कुशल और आधुनिक शहरी परिवहन समाधान प्रदान करेगी। राष्ट्रीय अंतर-देशीय नौवहन संस्थान को नए निवेश के साथ उत्कृष्टता केंद्र के रूप में उन्नत किया जा रहा है।' उन्होंने कहा, 'पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत के अंतर-देशीय जलमार्गों को हरित विकास और संपर्क का जीवंत इंजन बना दिया है। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में फैला राष्ट्रीय जलमार्ग इस पुनरुद्धार के केंद्र में है।' मंत्री ने कहा कि सरकार माल ढुलाई, पर्यटन और स्थानीय आजीविका के लिए नदी प्रणालियों की पूरी क्षमता का दोहन करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बिहार एक प्रमुख अंतर-देशीय जलमार्ग परिवहन केंद्र के रूप में उभरने के लिए तैयार है।

## अमरोहा में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट में चार महिलाओं की मौत, 12 से अधिक लोग घायल



**अमरोहा (उप्र):** अमरोहा जिले में एक वन क्षेत्र के अंदर स्थित एक पटाखा फैक्टरी में सोमवार को विस्फोट हो जाने से चार महिलाओं की मौत हो गई और 12 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, यह विस्फोट अतरासी गांव के पास जंगल में करीब दो किलोमीटर अंदर हुआ। उस समय करीब 25 पुरुष और महिलाएं फैक्टरी में काम कर रहे थे। अधिकारियों ने कहा कि विस्फोट ने टिन की छत वाली फैक्टरी को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया, जिसका मलबा 300 मीटर तक उछला और आसपास के गांवों में दहशत फैल गई। जिलाधिकारी (डीएम) निधि गुप्ता और पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित कुमार आनंद ने घटनास्थल का दौरा किया और इस हादसे में चार महिलाओं की मौत की पुष्टि की। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट के कारणों का पता लगाने और फैक्टरी के संचालन की वैधता की पुष्टि करने के लिए उच्च स्तरीय जांच शुरू कर दी गई है।

समाज्ञा

# धर्म-अध्यात्म

## व्रत - त्यौहार

19.06.2025 : शीतलाष्टमी व्रत

22.06.2025 : योग दिवस

23.06.2025 : मास शिवरात्रि व्रत

## इस साल कब मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा का पर्व?

गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति में एक अत्यंत पावन पर्व माना गया है। यह दिन गुरु और शिष्य के रिश्ते की पवित्रता और उसके महत्व का प्रतीक माना जाता है। यह केवल पारंपरिक गुरु-शिष्य संबंध तक सीमित नहीं है, बल्कि आज के समय में माता-पिता, अध्यापक, आध्यात्मिक गुरु, और वे सभी लोग जो जीवन को दिशा देने में सहायक होते हैं, उन्हें भी इस दिन विशेष सम्मान दिया जाता है।

इस दिन को व्यास पूर्णिमा और वेद पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि मान्यता है कि इसी दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था। महर्षि वेदव्यास ने महाभारत, श्रीमद्भागवत और 18 पुराणों की रचना की, जो आज भी सनातन धर्म के गूढ़ और गहन ज्ञान के स्रोत माने जाते हैं। वे महान ऋषि पराशर के पुत्र थे।

### गुरु पूर्णिमा से जुड़ी परंपराएं और अनुष्ठान

**गुरु पूजन–** इस दिन लोग अपने गुरु के चरणों में पुष्प अर्पण कर उनका आशीर्वाद लेते हैं।

**व्रत और ध्यान–** कई लोग इस दिन उपवास रखते हैं और पूरे दिन ध्यान व भक्ति में लीन रहते हैं।


**पवित्र नदियों में स्नान–** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने से पापों का नाश होता है।

**दान-पुण्य–** वस्त्र, अन्न, धन और जरूरतमंदों को दान देना इस दिन विशेष पुण्य प्रदान करता है।

### गुरु पूर्णिमा 2025 तिथि

हिंदू पंचांग के अनुसार गुरु पूर्णिमा का पर्व हर वर्ष आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। पंचांग के अनुसार पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 10 जुलाई को रात 1:36 बजे होगी और इसका समापन 11 जुलाई को रात 2:06 बजे होगा। उदया तिथि के अनुसार गुरु पूर्णिमा का पर्व 10 जुलाई को ही मनाया जाएगा।

### गुरु पूर्णिमा का महत्व



गुरु केवल शिक्षा देने वाले व्यक्ति नहीं होते, बल्कि वे अज्ञान के अंधकार से बाहर निकालकर आत्मज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाने वाले मार्गदर्शक होते हैं। इस दिन का उद्देश्य अपने भीतर कृतज्ञता और श्रद्धा का भाव जागृत करना है। यही वह दिन है जब शिष्य अपने जीवन की सफलता और मार्गदर्शन के लिए गुरुओं का आभार व्यक्त करते हैं।

## इन गलतियों से व्यक्ति को जीवन में उठाने पड़ते हैं कष्ट



हिंदू धर्म में गीता को अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके जरिए व्यक्ति जीवन जीने की कला और समस्याओं का निवारण करना सीखता है। आमतौर पर बचपन से ही सभी को गीता का पाठ करने की सलाह दी जाती हैं, क्योंकि इसमें कर्म, धर्म और आत्म-ज्ञान का उल्लेख है। इसमें 18 अध्याय और 700 श्लोक मौजूद हैं, जिसका प्रत्येक पन्ना व्यक्ति को नई सीख और उसकी समझ को बढ़ाता है।

माना जाता है कि भगवान कृष्ण ने गीता का पाठ अर्जुन को तब पढ़ाया था, जब उनके कदम युद्ध के लिए डगमगाने लगे थे। फिर श्रीकृष्ण की बातों को सुनकर अर्जुन अपने लक्ष्य को पूरा करने की ओर अग्रसर हुए। तभी से ऐसा माना गया है कि जीवन की विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य को हमेशा गीता के उपदेशों का स्मरण करना चाहिए। इसके प्रभाव से न केवल आत्मशांति बल्कि नया नजरिया भी मिलता है। हालांकि श्रीमद्भगवद्गीता के मुताबिक इंसान की कुछ आदतें उसकी समस्याओं का मुख्य कारण भी बनती हैं।

इन आदतों के चलते वह अक्सर असंतुष्ट रहता है और गलत मार्ग की ओर चला जाता है। भगवद् गीता के अध्याय 16 के श्लोक 21 में तीन ऐसी चीजों का जिक्र हैं, जो मनुष्य के लिए नरक के द्वार खोलती हैं। आइए इनके बारे में जानते हैं।

**श्लोक**

**त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः।**
**कामः क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत्त्रयं त्यजेत्।।**

इसका अर्थ है कि कामना, क्रोध और लोभ यह तीनों ही नरक के द्वार हैं। इसलिए जीवन में हमेशा इनसे दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

**कामना**

भगावन श्रीकृष्ण के मुताबिक अत्यधिक इच्छाएं व्यक्ति को गलत राह पर ले जाती हैं। कई बार कामनाए पूरी न होने के कारण मन परेशान और असंतुष्ट हो जाता है। ऐसे में व्यक्ति झूठ और अधार्मिक कर्म की ओर जाने लगता है। साथ ही उसके मन में ईर्ष्या की भावना बढ़ने लगती हैं, जो उसके कष्ट का कारण बनती हैं। इसलिए जीवन में हमेशा इच्छाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए और सभी परिस्थितियों में आत्मसंयम बनाए रखें।

**क्रोध**

श्रीकृष्ण के अनुसार क्रोध व्यक्ति की बुद्धि को प्रभावित करता है। अधिक क्रोध होने पर यह इंसान के विवेक को भी नष्ट कर देता है। इसके कारण मनुष्य हिंसा और अपशब्द को अपनाता है जिसकारण उसकी समस्याएं और भी बढ़ने लगती हैं। इसलिए जीवन में क्रोध करने से बचना चाहिए। यही नहीं विपरित परिस्थितियों में भी स्वयं को धैर्यवान बनाए रखें।

**लालच**

लालच व्यक्ति को बुरे कर्म की ओर ले जाता है। इसके चलते वह स्वार्थी भी बनता है। श्रीकृष्ण के मुताबिक लालच न केवल तनाव बल्कि रिश्तों में दरार लेकर भी आता है। ये आदत व्यक्ति को अनैतिक कार्यों की ओर ले जाती है। इसके जरिए जितनी जल्दी इंसान धन अर्जित करता है उतनी ही तेजी से उसकी परेशानियां बढ़ती हैं, क्योंकि लालच हमेशा असंतुष्ट की भावना को बढ़ाता है। इसलिए मेहनत और अपनी लगन से प्राप्त हुई चीजों में ही स्वयं को संतुष्ट रखना चाहिए।

## ईश्वर हमारे अन्तस् में

चन्द्र प्रभा सूद



उपनिषदों, गीता और पुराणों का कथन है कि ईश्वर का परिमाण अंगुष्ठ मात्रा है तथा वह हमारे हृदय में निवास करता है। उसके साक्षात्कार के लिए बाहर कहीं भी भटकने की आवश्यकता नहीं है। अपने अन्तस् में जो झाँक लेता है, उसे वह वहीं मिल जाता है। अपने अन्तस् में झाँकना ही सबसे कठिन कार्य है। उसके लिए स्वयं को साधना पड़ता है। यम-नियम आदि का पालन करना होता है। यह तप मनुष्य कर नहीं पाते, इसलिए मालिक से उनका साक्षात्कार नहीं हो पाता।

इस विषय में एक बहुत ही रोचक बोधकथा कुछ दिन पूर्व पढ़ी थी। पसन्द आई, आप सबसे साझा करने की इच्छा हुई। कहते हैं इस सुन्दर सृष्टि की रचना करने के उपरान्त भगवान दुविधा में पड़ गए। जब भी कोई मनुष्य मुसीबत में घिर जाता है, तभी वह उनके पास भागा-भागा आता है और अपनी परेशानियाँ उन्हें सुनाता है। सब कुछ लेने के बाद भी मनुष्य को सन्तोष नहीं। वह हर समय प्रभु से कुछ-न-कुछ माँगता ही रहता है।

अंततः उन्होंने इस समस्या का निराकरण करने के लिए देवताओं की एक बैठक बुलाई और कहा, 'देवताओं, मैं मनुष्य की रचना करके कष्ट में पड़ गया हूँ। कोई-न-कोई मनुष्य हर समय मुझसे शिकायत ही करता रहता हैं। मैं सब मनुष्यों को उनके कर्मानुसार सब कुछ दे रहा हूँ। फिर भी जरा-सा कष्ट होने पर इन्सान मेरे पास भागा चला आता है। इससे न तो मैं कहीं शान्तिपूर्वक निवास कर सकता हूँ और न ही तपस्या में लीन हो सकता हूँ। आप लोग कृपया मुझे ऐसा स्थान सुझाएँ जहाँ मनुष्य नाम का यह प्राणी कभी मेरे पास पहुँच न सके।

प्रभु के विचारों का आदर करते हुए सभी देवताओं ने अपने-अपने विचार प्रकट किए। सूर्यदेव बोले, प्रभु, आप हिमालय पर्वत की चोटी पर चले जाएँ।

भगवान ने कहा, 'यह स्थान तो मनुष्य की पहुँच में हैं। उसे वहाँ तक पहुँचने में अधिक समय नहीं लगेगा।'

इन्द्रदेव ने सलाह दी, 'आप किसी महासागर में निवास करें।'

भगवान बोले, 'वहाँ पर आवागमन करता हुआ मनुष्य नित्य पहुँचा करेगा।'

वरुणदेव ने परामर्श दिया, 'आप अंतरिक्ष में चले जाइए।'

भगवान ने कहा, 'एक दिन मनुष्य वहाँ भी अवश्य पहुँच जाएगा।'

अब भगवान निराश होने लगे थे। वे अपने मन-ही-मन सोचने लगे, 'क्या मेरे लिए कोई भी ऐसा गुप्त स्थान नहीं हैं, जहाँ मैं शांतिपूर्वक रह सकूँ।'

अन्त में गणेशजी भगवान से बोले, 'प्रभु! आप मनुष्य के हृदय में ही जाकर विराजमान हो जाइए। मनुष्य आपको स्थान-स्थान पर ढूंढने में ही सदा उलझा रहेगा। वह अपने हृदय में आपकी तलाश कदापि नहीं करेगा।'

भगवान को गणेशजी की सलाह बहुत पसन्द आई। उन्होंने ऐसा ही किया और उन्होंने मनुष्य के हृदय में अपना निवास बना लिया।

उस दिन से आज तक मनुष्य अपने दुखों और परेशानियों को व्यक्त करने के लिए भगवान को मन्दिर, तीर्थस्थल, ऊपर-नीचे, आकाश-पाताल, जंगल, पर्वत सर्वत्रा ही ढूंढ रहा है पर वे हैं कि कहीं भी नहीं मिल रहे हैं। मनुष्य कभी भी अपने भीतर यानी 'हृदय रूपी मंदिर' में बैठे हुए भगवान को नहीं देख पाता। इसीलिए वह इधर-उधर भटकता रहता है। इसी चक्कर में वह तथाकथित धर्मगुरुओं, तांत्रिकों, मंत्रिकों आदि के जाल में फँसकर अपना धन तथा समय बर्बाद करता है, अपना जीवन नरक बना लेता है। जब चेतता है तो बहुत देर हो गयी होती है।

मनुष्य को शान्तचित्त होकर प्रभु का स्मरण करते हुए ध्यान लगाना चाहिए। अपने हृदय में विद्यमान परमेश्वर को खोजने का प्रयास करना चाहिए। अपने कर्मों और विचारों की शुचिता पर उसका ध्यान देना आवश्यक होता है। जब मनुष्य का अन्तःकरण शुद्ध और पवित्रा होता है, तभी ईश्वर की प्राप्ति की ओर उसका कदम बढ़ता है। वह मालिक हमारे ही भीतर छिपकर बैठा हमारी प्रतीक्षा करता है। आवश्यकता है तो उसे अपने अन्तस् में ही खोजने की है। (उर्वशी)

## न्यूज इन ब्रीफ

### पुणे पुल हादसा: सपकाल की अधिकारियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग

**मुंबई :** महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख हर्षवर्धन सपकाल ने पुणे जिले में एक दिन पहले पुल ढहने की घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए सोमवार को सवाल किया कि अगर पुल असुरक्षित था तो उसे जनता के लिए क्यों खुला रखा गया था। मावल तहसील के कुंदमाल क्षेत्र में इंद्रायणी नदी पर बना 32 साल पुराना लोहे का पुल रविवार अपराह्न में ढह जाने से चार लोगों की मौत हो गई थी और 18 अन्य घायल हो गए थे। सपकाल ने कहा, ''भाजपा गठबंधन सरकार दुर्घटना के बाद ही क्यों जागती है? खतरनाक पुल को क्यों खुला रखा गया था, जबकि यह ज्ञात था कि मानसून के दौरान सैकड़ों पर्यटक कुंदमाल आते हैं। राज्य सरकार को जिम्मेदारी तय करनी चाहिए और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करना चाहिए।''

### पुरी के राजा के छोटे भाई का निधन

**भुवनेश्वर :** गजपति महाराजा दिव्यसिंह देब के छोटे भाई रणरनाबा देब का 67 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। देब को 'थाता राजा' (राजा की टीम का हिस्सा) के नाम से जाना जाता था, उनका एक निजी अस्प-ताल में हृदयाघात से निधन हो गया। परिवार ने कहा, ''वह स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याओं से पीड़ित थे।'' मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने देब के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए 'एक्स' पर लिखा, पुरी के थाता राजा रणरनाबा देब के निधन के बारे में सुनकर मुझे गहरा दुख हुआ है। शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं। भगवान जगन्नाथ उन्हें इस असहनीय दुख की घड़ी में धैर्य और शक्ति प्रदान करें। मैं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान जगन्नाथ के चरणों में प्रार्थना करता हूं।''

### दिल्ली: जेलरवाला बाग और वजीरपुर में ध्वस्तीकरण अभियान के तहत 300 से अधिक अवैध मकान ढहाए

**नयी दिल्ली :** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने सोमवार को पश्चिमी दिल्ली के अशोक विहार में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया और 300 से अधिक अवैध आवासों को ध्वस्त कर दिया। यहां एक बयान में यह जानकारी दी गयी। भारतीय रेलवे द्वारा उत्तरी दिल्ली के वजीरपुर क्षेत्र में भी अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। सुबह-सुबह पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती के बीच ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई। डीडीए द्वारा अनधिकृत बस्तियों को हटाने के प्रयासों के तहत अशोक विहार इलाके के जेलरवाला बाग से कुल 308 अवैध आवासों को हटाया गया। डीडीए के अनुसार, यह कार्रवाई उन झुग्गी-झोपड़ियों पर केंद्रित थी, जिसमें रहने वाले लोगों को या तो पहले से ही वैकल्पिक फ्लैट आवंटित किए गए थे या फिर ये पुनर्वास नीति के तहत अयोग्य पाए गए थे। अधिकारियों ने बताया कि जेलरवाला बाग में जेजे क्लस्टर के 1,078 पात्र परिवारों को पहले ही स्वाभिमान अपार्टमेंट में नवनिर्मित एक बीएचके फ्लैट में स्थानांतरित कर दिया गया और अन्य 567 परिवारों को अपात्र घोषित कर दिया गया, जबकि दिल्ली उच्च न्यायालय ने लगभग 250 निवासियों को स्थगन आदेश दिया था।

### विश्व स्वास्थ्य संगठन 70 प्रतिशत टीके, अमेरिका 14 प्रतिशत जेनेरिक दवा भारत से आयात करता है: मंत्री

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने सोमवार को कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा खरीदे गए कुल टीकों में से 70 प्रतिशत और अमेरिका द्वारा आयातित जेनेरिक दवाओं में से 14 प्रतिशत भारत से जाती हैं। पटेल ने भारतीय फार्माकोपिया आयोग (आईपीसी) द्वारा आयोजित द्वितीय नीति निर्माताओं के फोरम के उद्घाटन सत्र में मुख्य भाषण दिया। फोरम में 24 देशों के नीति निर्माताओं और दवा नियामकों का एक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल भाग ले रहा है।

# एनडीएमए, एनडीआरएफ के उत्कृष्ट कार्यों से आपदा प्रबंधन में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बना भारत: शाह

**शाह ने आपदा प्रबंधन एजेंसियों की गति और सटीकता में सुधार के लिए तीन तकनीकी मंच की शुरुआत की**

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि भारत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) सहित अन्य एजेंसियों के उत्कृष्ट कार्यों की वजह से आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बन गया है। शाह ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों और आपदा मोचन बलों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि 10 साल पहले आपदा से निपटने वाले संगठनों का दृष्टिकोण हताहतों की संख्या कम से कम रखने का था



और 10 साल बाद ऐसा लक्ष्य रहता है कि आपदा में कोई हताहत ही न हो। उन्होंने कहा, ''जब भी भारत की आपदा प्रतिक्रिया का इतिहास लिखा जाएगा, मोदी सरकार के पिछले 10 साल परिवर्तनकारी दशक के रूप में दर्ज किए जाएंगे। इन 10 वर्षों में हमने क्षमता, दक्षता, गति और सटीकता- चारों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं।'' गृह मंत्री ने कहा कि एनडीएमए ने नीति, विषय संरचना, अनुसंधान कार्य, जनता तक विभिन्न अभ्यासों का प्रसार, कई अनुप्रयोगों का विकास और समग्र समन्वय तथा नीति-संबंधी कार्य प्रभावी ढंग से किए हैं। उन्होंने कहा, ''पिछले 10 वर्षों में एनडीएमए, एनडीआरएफ और सीडीआरआई (आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना गठबंधन) ने भारत को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनने के लिए मजबूती से स्थापित किया है।'' शाह ने कहा कि पिछले दो वर्षों में राहत और आपदा प्रबंधन से जुड़ी सभी एजेंसियों की कार्यशालाओं और बैठकों को एक साथ लाकर समग्र सरकारी दृष्टिकोण के साथ विचारों का एक मंच बनाने का काम किया गया है। उन्होंने कहा, ''जब सभी आपदा राहत दलों के प्रमुख एक ही मंच पर चर्चा करते हैं, तो कई कमियां दूर हो जाती हैं और देश को भी आपदा से निपटने के लिए तैयार रहने में लाभ होता है।''

## दिल्ली: भारत नगर में अवैध रूप से रह रहे 36 बांग्लादेशी नागरिक पकड़े गए

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में कथित तौर पर अवैध रूप से रह रहे 36 बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने भारत नगर इलाके से हिरासत में ले लिया है। यहां एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 13 जून को पुलिस ने क्षेत्र में 25 फुटपाथ और 32 गलियों में घर-घर जाकर गहन सत्यापन अभियान के तहत इन 19 वयस्कों और 17 बच्चों समेत कुल 36 आरोपियों को हिरासत में ले लिया। उत्तर-पश्चिम के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) भीष्म सिंह ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, ''उनके पास से 13 बांग्लादेशी राष्ट्रीय पहचान पत्र और सात मोबाइल फोन बरामद हुए, जिनमें प्रतिबंधित आईएमओ ऐप थी। इस ऐप का इस्तेमाल अक्सर सीमा के उस पार संचार के लिए किया जाता है।'' पुलिस ने बताया कि संदिग्ध लोग विदेशी अधिनियम, 1946 का उल्लंघन करते हुए बिना वैध यात्रा दस्तावेजों, वीजा या परमिट के रह रहे थे। डीसीपी ने बताया कि विदेशी प्रकोष्ठ की टीम ने पकड़े गए व्यक्तियों से पूछताछ की, जिसमें प्रारंभिक संदिग्धों में से एक ने कथित तौर पर बांग्लादेशी नागरिक होने की बात स्वीकार ली। उन्होंने बताया कि संदिग्ध ने इलाके में अवैध रूप से रह रहे अन्य लोगों की पहचान करने में भी मदद की। जांचकर्ताओं के अनुसार, पकड़ा गया समूह पहले हरियाणा के मेवात में एक ईंट भट्टे पर काम करता था।

## रेल मंत्रालय सभी जोन में रिक्त पदों को भरने के लिए 6,374 तकनीशियन की भर्ती करेगा

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्रालय ने देश के सभी 17 रेलवे जोन और विभिन्न उत्पादन इकाइयों में सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग सहित विभिन्न तकनीकी पदों की 51 श्रेणियों के 6,374 रिक्त पदों को भरने का निर्णय लिया है। इससे पहले 10 जून को मंत्रालय ने सभी जोनल रेलवे को पत्र लिखकर कहा था कि उसने ऑनलाइन मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली में उनके द्वारा पेश किए गए रिक्तियों (तकनीशियन पद) का आकलन किया है और वर्ष 2025 के लिए 51 श्रेणियों में तकनीशियन के 6,374 रिक्त पदों की खातिर केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना जारी करने को मंजूरी दी गई है। मंत्रालय ने सभी जोन से 51 श्रेणियों में रिक्त पदों को संशोधित करने और उन्हें रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी), बेंगलुरु के अध्यक्ष के परामर्श से ऑनलाइन सिस्टम पर अपलोड करने का आग्रह किया है। मंत्रालय ने कहा कि नोडल आरआरबी रेलवे/पीयू (उत्पादन इकाइयों) द्वारा रखी गई मांगों को एकत्र करेगा और केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना जारी करेगा। अधिकारियों के अनुसार, विभिन्न श्रेणियों में रिक्त पद मंत्रालय की मौजूदा पहल से कहीं ज्यादा हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि इस कदम से दबाव कम करने में मदद मिलेगी। भारतीय रेलवे एसएंडटी मेंटेनर्स सिग्नल एंड टेलीकॉम यूनियन (आईआरएसटीएमयू) ने इस फैसले का स्वागत किया है और इसे रेल परिचालन की सुरक्षा के लिए सही कदम बताया है। इससे पहले यूनियन ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर उनसे 'एसएंडटी' रखरखाव गतिविधियों को मजबूत करने के लिए ग्रुप सी के सभी श्रेणियों के पदों में सिग्नल और दूरसंचार विभाग के रिक्त पदों को भरने' का अनुरोध किया था।

### सिक्किम: दोस्तों के साथ झरने में तैरने गई कॉलेज की एक छात्रा डूबी, मौत

**गंगटोक :** सिक्किम के नामची जिले में सोमवार को एक झरने के अंदर भंवर में डूब जाने से कॉलेज की एक छात्रा की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना यांगंग के माजुवा गांव के पास हिडन फॉल्स में हुई। पुलिस के अनुसार, सिक्किम विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर की चौथे सेमेस्टर की छात्रा कुछ दोस्तों के साथ झरने पर घूमने गई थी। झरने में तैरते समय वह एक भंवर में फंस गई और डूब जाने से उसकी मौत हो गई। यह क्षेत्र अपने ऊबड़-खाबड़ भूभाग के लिए जाना जाता है, जो मानसून के दौरान और भी खतरनाक हो जाता है। पुलिस ने बताया कि लड़की सोरेंग जिले के टिंबूरबोंग की रहने वाली थी।

## सत्ता की मदहोशी से बचें भाजपा नेता और कार्यकर्ता, मंत्री की कुर्सी 'सेवा की चौकी' : राजनाथ

**नर्मदापुरम (मप्र) :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मध्यप्रदेश इकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं को 'सत्ता की मदहोशी' से बचने की नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि वे मूल रूप से जनसेवक हैं और मंत्री की कुर्सी 'सेवा की चौकी' है। सिंह मध्यप्रदेश के दर्शनीय पर्यटन स्थल पचमढ़ी में आयोजित भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को इस आयोजन का उद्घाटन किया था। बैठक की जानकारी देने पहुंचे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा से जब यह पूछा गया कि क्या राजनाथ



सिंह ने नेताओं और कार्यकर्ताओं को 'सत्ता की मदहोशी' से बचने की सलाह देते हुए यह कहा है कि मंत्री की कुर्सी 'सेवा की चौकी' है। इसके जवाब में शर्मा ने कहा, ''आपने बिल्कुल ठीक कहा है। यही भाजपा की विशेषता है। भाजपा लगातार कैसे आगे बढ़ रही है, उसके पीछे इसकी बड़ी भूमिका है। सत्ता में आने के बाद भी हम एक कार्यकर्ता की भूमिका में रहते हैं।'' उन्होंने कहा, ''राजनाथ सिंह जी ने कहा कि वह आज भी वही कार्यकर्ता हैं। यही हमें आगे बढ़ाता है और कार्य करने की प्रेरणा देता है।'' शर्मा ने कहा कि इन मुद्दों पर भाजपा की एक विशिष्ट कार्यपद्धति है, इसलिए भाजपा लगातार आगे बढ़ रही है। राजनाथ सिंह का यह बयान ऐसे समय आया है, भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में राज्य सरकार के मंत्री विजय शाह सहित कुछ अन्य नेताओं ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। कर्नल सोफिया 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर भारत के पक्ष को मीडिया के माध्यम से देश-दुनिया के सामने रखने वाली टीम का हिस्सा थीं।

## बांग्लादेश में रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर पर हमले के खिलाफ दिल्ली भाजपा ने प्रदर्शन किया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली भाजपा कार्यकर्ता नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के बांग्लादेश स्थित पैतृक घर पर हमले और तोड़फोड़ के विरोध में सोमवार को चाणक्यपुरी स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के पास एकत्र हुए। सिराजगंज जिले में स्थित कचहरीबाड़ी टैगोर परिवार का पैतृक घर और राजस्व कार्यालय है। टैगोर ने अपनी कई साहित्यिक कृतियां इसी हवेली में रहते हुए रची थीं। इस महीने की शुरुआत में एक भीड़ ने जिले में टैगोर के पैतृक घर पर हमला किया और तोड़फोड़ की। प्रदर्शनकारी तीन मूर्ति चौक स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय के पास एकत्र




हुए और पुलिस अवरोधक तोड़ते हुए बांग्लादेश उच्चायोग की ओर बढ़े, जहां उन्हें हिरासत में लिया गया और चाणक्यपुरी पुलिस थाने ले जाया गया। पार्टी ने एक बयान में कहा कि उन्हें लगभग 30 मिनट बाद चेतावनी देकर रिहा कर दिया गया। भाजपा सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेंद्र चंदोलिया ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

## नमो भारत ट्रेन में 20 प्रतिशत अतिरिक्त किराए पर मिलेंगी 'प्रीमियम' सेवाएं

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने संशोधित किराया जारी करते हुए कहा कि मानक किराये से सिर्फ 20 प्रतिशत अधिक भुगतान करके नमो भारत रेलगाड़ियों में 'प्रीमियम' सुविधाओं के साथ यात्रा की जा सकती है। एनसीआरटीसी ने कहा कि प्रीमियम कोच का किराया मानक कोच के मुकाबले 1.2 गुना कम कर दिया गया है। इसका मतलब है कि 100 रुपये की कीमत वाले मानक टिकट को केवल 20 रुपये देकर प्रीमियम कोच में बदला



जा सकता है। संशोधित किराया चुनिंदा स्टेशनों पर प्रीमियम लाउंज तक पहुंच के साथ आरामदायक और कम भीड़भाड़ वाली यात्रा का विकल्प प्रदान करता है। एनसीआरटीसी ने कहा कि प्रीमियम कोच में न्यू अशोक नगर और मेरठ दक्षिण के बीच यात्रा अब 180 रुपये में हो सकेगी, जबकि मानक कोच में 150 रुपये लगते हैं। प्रीमियम कोच में गाजियाबाद से आनंद विहार की यात्रा का किराया अब 50 रुपये है, जबकि मानक किराया 40 रुपये है। इसी तरह गलियारे के अन्य मार्गों पर भी समायोजित किराया लागू किया गया है। एन-सीआरटीसी ने कहा कि इस बदलाव को यात्रियों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली है और वे उन्नत सेवा का विकल्प चुन रहे हैं।

# राजकीय सम्मान के साथ हुआ विजय रूपाणी का अंतिम संस्कार, दी गई 21 तोपों की सलामी

**शाह के नेतृत्व में वरिष्ठ नेताओं, हजारों नागरिकों ने राजकोट में रूपाणी को श्रद्धांजलि दी**

**राजकोट :** गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का राजकोट में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जा रहा है। पूर्व सीएम रूपाणी को 21 तोपों की सलामी दी गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत भी अंतिम संस्कार में मौजूद हैं। गुजरात सरकार ने सोमवार को राजकीय शोक घोषित किया और उनके सम्मान में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहा। इससे पहले, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल समेत अन्य नेताओं ने अहमदाबाद में पूर्व सीएम विजय रूपाणी को श्रद्धांजलि दी। अहमदाबाद सिविल



अस्पताल में सीएम भूपेंद्र पटेल के साथ स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल, गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी, सहकारिता मंत्री जगदीश विश्वकर्मा, राज्यसभा सांसद मयंक नायक समेत कई राजनीतिक नेता, वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न संस्थाओं और समुदायों के प्रतिनिधि श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्र हुए। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, सोमवार को राज्य सरकार ने सार्वजनिक जीवन में उनकी विरासत और विशिष्ट सेवा को अत्यंत सम्मान के साथ सम्मानित करते हुए उन्हें गंभीर और गरिमापूर्ण विदाई दी। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की मौजूदगी में दिवंगत नेता के पार्थिव शरीर को सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। श्रद्धांजलि के बाद, पार्थिव शरीर को राजकीय सम्मान के साथ उनकी पत्नी और बेटे सहित उनके परिवार के सदस्यों को सौंप दिया गया।

# विमान हादसा : डीएनए मिलान से 119 मृतकों की पहचान हुई

**दो दिन में प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद**

**अहमदाबाद :** अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के चार दिन बाद, अब तक डीएनए मिलान के जरिये 119 मृतकों की पहचान कर ली गई है और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी समेत 64 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिये गए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस हादसे में 270 लोगों की जान चली गई। एक अधिकारी ने उम्मीद जताई की कि सभी मृतकों के डीएनए मिलान की प्रक्रिया मंगलवार शाम या बुधवार सुबह तक पूरी हो जाएगी। रूपाणी उन 242 लोगों में शामिल थे, जो बृहस्पतिवार दोपहर लंदन जा रही एअर इंडिया की उड़ान एआई-171 में सवार थे। यह विमान 12 जून को अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। पूर्व मुख्यमंत्री रुपाणी के पार्थिव शरीर को शहर के सिविल अस्पताल में उनकी पत्नी अंजलि रुपाणी और परिवार के अन्य सदस्यों को सौंप दिया गया। अधिकारी मृतकों की पहचान करने के लिए डीएनए जांच कर रहे हैं, क्योंकि 12 जून को विमान दुर्घटना में कई लोग इस कदर झुलस गए कि उनके शव पहचाने नहीं जा सके। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ राकेश जोशी




### अमेरिकी एजेंसी ने एअर इंडिया विमान दुर्घटना की समानांतर जांच शुरू की

अमेरिका के राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) ने यहां एअर इंडिया विमान दुर्घटना की समानांतर जांच शुरू की है, जिसके तहत कई अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों को दुर्घटना स्थल पर बुलाया गया है। वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) ने पिछले सप्ताह भीषण दुर्घटना के कारणों की तह तक जाने के लिए विस्तृत जांच शुरू की थी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि चूंकि विमान अमेरिका में निर्मित है, इसलिए अमेरिकी एनटीएसबी अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के तहत समानांतर जांच कर रहा है।

ने संवाददाताओं से कहा, ''अब तक 119 मृतकों की पहचान कर ली गई है और 76 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिये गए हैं। हादसे में जान गंवाने वाले लोग गुजरात और राजस्थान के विभिन्न हिस्सों के रहने वाले थे।'' उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी मृतकों की 'डीएनए प्रोफाइल' का काम मंगलवार शाम या बुधवार सुबह तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने शोक-संतप्त परिजनों से अपील की कि शवों के अवशेषों से डीएनए मिलान की लंबी प्रक्रिया को लेकर परेशान नहीं हों। उन्होंने कहा, ''हम इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। कुछ लोग शिकायत कर रहे हैं कि 72 घंटे बाद भी नतीजे नहीं आए हैं। मैं उनसे अपील करता हूं कि वे घबराएं नहीं, क्योंकि यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके कानूनी निहितार्थ हैं।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए 36 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था सिक्किम पहुंचा

**गंगटोक :** कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए 36 तीर्थयात्रियों का पहला समूह सिक्किम की राजधानी गंगटोक पहुंचा है और सोमवार को मौसमी अनुकूलन के लिए '17 माइल' क्षेत्र चला गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्री सिक्किम में नाथू ला दर्रे और तिब्बत के शिगात्से शहर से होते हुए कैलाश पर्वत और मानस-रोवर झील तक पहुंचेंगे। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि 20 जून को तीर्थयात्री भारत-चीन सीमा पार करेंगे। उन्होंने बताया कि यह समूह जिसमें विदेश मंत्रालय के दो अधिकारी भी शामिल हैं रविवार शाम को गंगटोक पहुंचा। पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सी.एस. राव ने बताया कि तीर्थयात्री पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में बागडोगरा हवाई अड्डे पर उतरे और सड़क मार्ग से गंगटोक पहुंचे। उन्होंने बताया कि पर्यटन विकास निगम के अधिकारियों ने रेनॉक स्थित एक बंगले में उनका स्वागत किया। इस वर्ष यात्रा के लिए 750 भारतीय तीर्थयात्रियों का चयन किया गया है जिनमें से 500 नाथू ला मार्ग से 10 समूहों में और 250 उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रे से यात्रा करेंगे।

## गुजरात के मुख्यमंत्री ने अस्पताल का दौरा किया

**विमान दुर्घटना के पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात की**

**अहमदाबाद :** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अहमदाबाद सिविल अस्पताल में एअर इंडिया विमान हादसे के पीड़ितों के शोकाकुल परिवार के सदस्यों से सोमवार को मुलाकात की।



अस्पताल में मृतकों के परिवार के सदस्य डीएनए परीक्षण के परिणाम जानने और अंतिम संस्कार के लिए शव लेने को लेकर डेरा डाले हुए हैं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और अधिकारियों को पीड़ितों की पहचान के लिए सुचारू डीएनए सत्यापन सुनिश्चित करने तथा उनके पार्थिव शरीर को सम्मानजनक तरीके से सौंपने का निर्देश दिया। पटेल ने अस्पताल में उपचाराधीन घायलों के बारे में जानकारी ली और अधिकारियों से उन्हें उचित चिकित्सा सुविधा प्रदान करने को कहा। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने चार दिन पहले हुई दुर्घटना के बाद शुरू किए गए संपूर्ण राहत एवं बचाव अभियान की समीक्षा के लिए मंत्रियों और राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बारह जून को एअर इंडिया का अहमदाबाद से लंदन जा रहा विमान यहां सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें विमान में सवार कुल 241 यात्री और चालक दल के सदस्य तथा जमीन पर मौजूद 29 लोगों की मौत हो गई।

### दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाला एअर इंडिया का विमान तकनीकी समस्या के बाद एक घंटे में हांगकांग लौटा

**मुंबई :** एअर इंडिया के एक बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान के दिल्ली के लिए उड़ान भरने के एक घंटे के भीतर उसमें तकनीकी समस्या का संदेह होने के बाद सोमवार को उसे हांगकांग लौटना पड़ा। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि उड़ान संख्या एआई 315 हांगकांग में सुरक्षित तरीके से उतरी और सभी यात्री भी उसमें से उतर चुके हैं। विमान का निरीक्षण किया जा रहा है। उड़ान हांगकांग से दोपहर 12.16 बजे (स्थानीय समयानुसार) रवाना हुई और इसे भारतीय समयानुसार दोपहर 12.20 बजे दिल्ली में उतरना था। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट 'फ्लाइटरडार.कॉम' के अनुसार, यह उड़ान लगभग 3.5 घंटे की देरी से रवाना हुई थी। इसका निर्धारित प्रस्थान समय सुबह 8.50 बजे था। एअर इंडिया ने कहा, ''सोलह जून 2025 को हांगकांग से दिल्ली के लिए प्रस्थान करने वाली उड़ान संख्या एआई315 तकनीकी समस्या के कारण उड़ान भरने के कुछ समय बाद हांगकांग लौट गई। विमान हांगकांग में सुरक्षित रूप से उतरा और एहतियात के तौर पर इसकी जांच की जा रही है। यात्रियों को जल्द से जल्द उनके गंतव्य दिल्ली तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की योजना बनाई गई है।'' उसने कहा, ''हम इस अप्रत्याशित व्यवधान के कारण होने वाली असुविधा को कम करने के लिए यात्रियों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान कर रहे हैं।''

## राजा रघुवंशी हत्या मामले की जांच सिर्फ प्रेम त्रिकोण तक सीमित नहीं: मेघालय डीजीपी

### सोनम के साथ उसके माता-पिता और भाई के नार्को टेस्ट की मांग

**शिलांग :** मेघालय के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) इदाशीशा नोंगरांग ने सोमवार को कहा कि सोहरा में इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की हत्या की जांच कर रहे जांच अधिकारी प्रेम त्रिकोण को एकमात्र मकसद नहीं मान रहे हैं और वे विभिन्न अन्य पहलुओं को भी ध्यान में रखकर जांच कर रहे हैं। मेघालय में हनीमून मनाने आए राजा की 23 मई को हत्या कर दी गई थी। हत्या के सिलसिले में नौ जून को राजा की पत्नी सोनम, उसके प्रेमी राज और तीन हत्यारों को गिरफ्तार किया गया। नोंगरांग ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''हम जांच कर रहे हैं कि क्या



इस हथियार से हुई थी राजा रघुवंशी की हत्या

इस मामले में कुछ और भी पहलू हो सकते हैं। यह असामान्य बात है कि शादी के कुछ दिनों के भीतर ही वह (सोनम) अपने पति के प्रति इतनी दुश्मनी पाल बैठी। उन्होंने कहा, ''हम इस हत्या के सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रहे हैं। हमारे पास पर्याप्त सबूत हैं और सभी पहलुओं को ध्यान में रखा जा रहा है। हमारे पास एक ठोस मामला है। इस बीच, इंस्टाग्राम पर एक पर्यटक द्वारा पोस्ट किया गया एक वीडियो सामने आया, जिसमें सोनम और राजा को देखा गया। वीडियो में, सोनम और राजा को नोंगरियाट में चढ़ाई करते देखा गया। यह राजा की हत्या से कुछ घंटे पहले का है। सोनम ने अपराध स्थल से बरामद की गई सफेद फुल-स्लीव शर्ट के साथ काले रंग की पतलून पहनी हुई थी, और राजा से कुछ कदम आगे चलती हुई दिखाई दी। पुलिस ने 'पीटीआई-भाषा' से वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि की।

## मेरे लिए साल 2022 अंधकारमय और सबसे कठिन समय था: करुण नायर



**नयी दिल्ली :** भारतीय बल्लेबाज करुण नायर के लिए बीते कुछ समय से घरेलू क्रिकेट में बड़े स्कोर का सिलसिला उनके करियर की सबसे बड़ी चुनौती से जुड़ा हुआ है लेकिन इस दायें हाथ के बल्लेबाज ने 'साल '2022' के अंत को अपने करियर का सबसे मुश्किल और अंधकारमय समय करार दिया। नायर का आठ साल बाद भारतीय टेस्ट टीम में वापसी का सफर उनके जज्बे और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। पूर्व दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को दिये साक्षात्कार में इस 33 साल के बल्लेबाज ने कहा, ' मेरे साथ जिस तरह की घटनाएं घटी उस संबंध में मैं कहूंगा कि 2022 का अंत काफी अंधकारमय था। मेरे लिए बहुत भावनात्मक दौर था। मुझे लगता है कि मेरे लिए यह सबसे कठिन समय था। 2018 से भी अधिक कठिन, सबसे मुश्किल दौर।' टेस्ट क्रिकेट में वीरेंद्र सहवाग के अलावा भारत के एकमात्र तिहरे शतक लगाने वाले नायर अब शानदार वापसी की दहलीज पर हैं। इस बात की प्रबल संभावना है कि वह शुक्रवार को लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए भारत की एकादश का हिस्सा होंगे। नायर पहले से अधिक मजबूत बनकर उभरे हैं, लेकिन वह उस समय में वापस नहीं जाना चाहेंगे जब वह अक्सर इस बात पर हैरान होते थे कि 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट पदार्पण के बाद यादगार तिहरा शतक लगाने के बावजूद उन्हें कुछ मैचों के बाद ही टीम से बाहर क्यों कर दिया गया था।

### बीसीसीआई जूनियर क्रिकेट में आयु निर्धारण के लिए अतिरिक्त अस्थि परीक्षण कराएगा

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक महत्वपूर्ण कदम के तहत जूनियर स्तर पर खिलाड़ियों का अतिरिक्त अस्थि परीक्षण (बोन टेस्ट) कराने का फैसला किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी खिलाड़ी अतिरिक्त सत्र खेलने से वंचित न रहे।मौजूदा मानदंडों के अनुसार खिलाड़ी टीडब्ल्यू3 विधि (अस्थि की उम्र का आकलन करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला परीक्षण) के माध्यम से आयु निर्धारण के लिए अस्थि परीक्षण से गुजरता है। इसमें उसके उम्र का आकलन अस्थि परीक्षण की उम्र में एक जोड़कर किया जाता है। नियम में बदलाव के साथ हालांकि अंडर 16 लड़कों की श्रेणी में किसी क्रिकेटर को अगले सत्र में उसी आयु वर्ग में खेलने की अपनी पात्रता निर्धारित करने के लिए दूसरे अस्थि परीक्षण से गुजरना होगा।

### टीम एमजीडी1 विश्व ब्लिट्ज़ टीम चैम्पियनशिप में पांचवें स्थान पर रही

**लंदन :** मुख्य रूप से भारतीय खिलाड़ियों से सजी टीम एमजीडी1 ने फिडे विश्व ब्लिट्ज़ टीम चैम्पियनशिप में टीम फ्रीडम को हराकर पांचवां स्थान हासिल किया। इससे पहले उसने यहां टूर्नामेंट में रैपिड वर्ग का खिताब जीता था। डब्ल्यूआर चेस ने काज़चेस को हराकर 2023 में यह प्रतियोगिता शुरू होने के बाद से अपना दूसरा ब्लिट्ज़ खिताब हासिल किया।ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी की मौजूदगी वाली टीम एमजीडी1 ने पहले ही 16 टीमों के नॉकआउट में जगह बना ली थी। उसने पहले दौर में जेनरेशन एक्सवाइजेडए को 4-0 से हराया था।लेकिन एरिगैसी, पी हरिकृष्णा, डेविड गुइजारो, वी. प्रणव, लियोन ल्यूक मेंडोंका, स्टावरौला त्सोलाकिडो और अथर्व तायडे की टीम को क्वार्टर फाइनल में हेक्सामाइंड चेस टीम के हाथों 2-4 से हार का सामना करना पड़ा।

# महिला वनडे विश्व कप: भारत पांच अक्टूबर को कोलंबो में पाकिस्तान से भिड़ेगा

**दुबई :** भारत का महिला एकदिवसीय विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ अहम मैच पांच अक्टूबर को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में तटस्थ स्थल पर खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार इस विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा की। इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी और उसके बाद के मैचों के लिए स्वीकार किए गए 'हाइब्रिड मॉडल' के अनुसार कोलंबो को तटस्थ स्थल के रूप में जोड़ा गया है। भारत ने तब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी (पुरुष) के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से मना कर दिया था। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 भारतीय पर्यटकों के मारे जाने के बाद ऐसी अटकलें थीं कि क्या आईसीसी भारत और पाकिस्तान के बीच राउंड रोबिन मैच का आयोजन करेगा? आईसीसी पिछले काफी समय से अपने सभी




आयोजनों में भारत बनाम पाकिस्तान मैच को शामिल करता रहा है। दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव के बाद विश्व स्तर पर भी भारत के अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी देश से मुकाबला करने को लेकर संदेह पैदा हो गया था। आईसीसी ने सोमवार को कार्यक्रम जारी कर हालांकि सभी संदेहों को दूर कर दिया है।भारत अपने अभियान की शुरुआत 30 सितंबर को बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ करेगा। यह इस विश्व कप का उद्घाटन मैच होगा। टीम इसी मैदान पर 26 अक्टूबर को शुरुआती चरण के अपने आखिरी मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगी। कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत के जश्न के दौरान हुई भगदड़ के बाद इस स्थल के मैचों की मेजबानी के अधिकार खोने की अफवाहों का खंडन हो गया। भारत के अन्य मैच नौ अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका और 12 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखा-पत्तनम में होंगे। टीम 19 अक्टूबर को इंदौर में इंग्लैंड से भिड़ेगी और फिर 23 अक्टूबर को गुवाहाटी में उसके सामने न्यूजीलैंड की चुनौती होगी। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, ' महिला क्रिकेट की आठ सर्वश्रेष्ठ टीमें भारत में होंगी जहां शानदार स्थल और रिकॉर्ड संख्या में दर्शकों के साथ हम सभी एक अविस्मरणीय टूर्नामेंट की प्रतीक्षा है।' बीसीसीआई ने अभी तक हालांकि स्थानीय आयोजन समिति (एलओसी) का गठन नहीं किया है, जो टूर्नामेंट के संचालन की प्रभारी होगी। टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम और मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया अपने अभियान की शुरुआत एक अक्टूबर को इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगा।

## कोहली और मेरे बीच वर्चस्व की जंग चली, सचिन के साथ ऐसा महसूस नहीं हुआ: एंडरसन

**लंदन :** इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने अपने 21 साल के करियर के दौरान भारतीय दिग्गजों सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली के खिलाफ अपनी जंग का आनंद लिया लेकिन उन्हें कोहली को गेंदबाजी करना थोड़ा मुश्किल लगा। एंडरसन ने 2003 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और पिछले सत्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहते हुए अपने शानदार करियर का अंत किया। लंकाशर के इस खिलाड़ी को तेंदुलकर और कोहली दोनों के खिलाफ सफलता मिली। उन्होंने इन दोनों भारतीय सु-परस्टार को क्रमशः नौ और सात बार आउट किया। एंडरसन ने 'टॉकस्पोर्ट' से कहा, 'कोहली के खिलाफ मुझे शुरुआत में कुछ सफलता मिली थी, जब वह पहली बार इंग्लैंड आए थे (2014 में)। मैंने इसका काफी फायदा उठाया, ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद उनकी कमजोरी थी, इसका काफी फायदा उठाया और फिर



अगली बार जब मैं उनके खिलाफ खेला (2018 में) तो उन्होंने स्पष्ट रूप से उस पर काम किया और यह एक अलग खिलाड़ी को गेंदबाजी करने जैसा था।' हालांकि यह ध्यान देने योग्य है कि तेंदुलकर और कोहली अपने करियर के अलग-अलग चरण में थे जब उन्हें एंडरसन की चुनौती का सामना करना पड़ा जो 42 साल की उम्र में भी काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं।

## भारत को लीड्स में कुलदीप और जडेजा दोनों को खिलाना चाहिए: हरभजन

**नयी दिल्ली :** दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए भारत की एकादश में रविंद्र जडेजा के साथ शामिल करने का समर्थन किया है। श्रृंखला का पहला मैच 20 जून को लीड्स में शुरू होगा। पारंपरिक रूप से लीड्स की पिच से स्पिनरों की तुलना में तेज गेंदबाजों को अधिक मदद मिलती है। हरभजन ने सोमवार को 'पीटीआई वीडियोज' से कहा, 'भारत को कुलदीप यादव को खिलाने पर विचार करना चाहिए। बेशक जडेजा उनके साथ गेंदबाजी करेंगे। इसलिए तीन तेज गेंदबाजों के साथ दो स्पिनर इस मैच के लिए एकदम सही जोड़ी होंगे।' हरभजन ने बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप को किसी भी तरह की परिस्थितियों में संभावित मैच विजेता करार दिया। उन्होंने कहा, 'देखते हैं कि क्या परिस्थितियां बदलती हैं और स्पिनरों को मदद मिलती है। लेकिन अगर ऐसा नहीं भी होता है तो भी मुझे



लगता है कि ये दो सक्षम गेंदबाज हैं जो किसी भी पिच पर विकेट ले सकते हैं।' अपने अनुभव के आधार पर हरभजन ने 2002 में हेडिंग्ले में दो स्पिनरों को मैदान में उतारने के भारत के साहसिक फैसले को याद किया जब उन्होंने और अनिल कुंबले ने मिलकर 11 विकेट चटकाए थे। हरभजन ने कहा, 'उस समय यह एक बहुत ही अनोखा फैसला था। पिच पर काफी घास थी लेकिन प्रबंधन ने फैसला किया कि हम दो स्पिनरों और दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरेंगे और संजय बांगड़ भी गेंदबाजी करेंगे।'

## भारतीय निशानेबाजों ने म्यूनिख विश्व कप में किया शानदार प्रदर्शन



**नयी दिल्ली :** भारत ने अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के वार्षिक कैलेंडर में सबसे प्रतिष्ठित और चुनौतीपूर्ण टूर्नामेंटों में से एक म्यूनिख विश्व कप में अपने प्रदर्शन में सुधार कर दो स्वर्ण और दो कांस्य पदक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। पिछले चार विश्व कप में यह तीसरा मौका है जब भारत ने तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया है। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव के. सुल्तान सिंह ने कहा, 'हमारे निशानेबाजों ने एक बार फिर से म्यूनिख विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस आयोजन से पहले कहा जा रहा था कि भारत के लिए यह टूर्नामेंट चुनौतीपूर्ण होगा। इसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी भाग ले रहे थे जबकि हमारे कुछ सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज इसमें नहीं खेल रहे थे। हमारे निशानेबाजों ने हालांकि यह साबित कर दिया कि भारतीय निशानेबाजी में विकल्प पहले से कहीं अधिक है।'' इस सत्र की शुरुआत से शानदार लय में चल रही पिस्टल निशानेबाज सुरुचि सिंह ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। हरियाणा की इस 19 साल की निशानेबाज ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में विश्व कप का अपना लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता। आर्या बोसरे और अर्जुन बबूता की मिश्रित जोड़ी ने ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्डधारी चीन की एस जीएल आई और वांग जी फी की जोड़ी को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में हराकर बड़ा उलटफेर किया।

## भारत को अर्जेन्टीना के खिलाफ ठोस प्रदर्शन की उम्मीद

**लंदन :** यूरोपीय चरण की शुरुआत दो करीबी हार के साथ करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम अर्जेंटीना के खिलाफ लगातार दो मैच में वापसी करने के लिए बेताब है। सलीमा टेटे की अगुआई वाली भारतीय टीम सप्ताहांत हुए दो मैच में ऑस्ट्रेलिया से 1-2 और 2-3 से हार गई और उनके पास अर्जेंटीना की मजबूत टीम का सामना करने से पहले खुद को फिर से संगठित करने के लिए बहुत कम समय होगा। अर्जेन्टीना ने अब तक अपने 12 लीग मैच में से सात जीते हैं। हॉकी इंडिया ने सलीमा के हवाले से कहा, 'अर्जेंटीना दुनिया की दूसरे नंबर की टीम है और उसने अब तक अपने 12 एफआईएच प्रो लीग मैच में से सात जीते हैं। लीग के इस चरण में आने से पहले हम जानते थे कि उन्हें हराना आसान नहीं होगा।'उन्होंने कहा, 'लेकिन हम बिना लड़े हार नहीं मानेंगे- हम दोनों मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। टीम उनसे मुकाबला करने के लिए अच्छी तरह से ट्रेनिंग कर रही है और उनके खिलाफ महत्वपूर्ण अंक हासिल करने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर काम कर रही है।' नौ अंक के साथ सातवें स्थान पर चल रहे भारत की नजरें वापसी पर टिकी हैं। अर्जेंटीना तालिका में दूसरे स्थान पर है और वह शीर्ष पर चल रहे नीदरलैंड पर दबाव बनाए रखने के लिए पूरे अंक हासिल करने की कोशिश करेगा।



# देश में पेट्रोल, डीजल की खपत में जैव ऊर्जा का हिस्सा पांच साल में 50 प्रतिशत संभव: गडकरी

**नयी दिल्ली :** सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को वाहन उद्योग से वैकल्पिक ईंधन पर अनुसंधान और विकास करने का आग्रह करते हुए कहा कि देश में जीवाश्म ईंधन (पेट्रोल, डीजल) की खपत में जैव ऊर्जा का हिस्सा पांच साल में 50 प्रतिशत तक हो सकता है। गडकरी ने इंडियन स्कूल फॉर डिजाइन ऑफ ऑटोमोबाइल्स के भूमिपूजन कार्यक्रम में कहा कि जीवाश्म ईंधन के कारण वायु प्रदूषण एक बड़ी समस्या बन गई है। मंत्री ने बताया कि देश में 40 प्रतिशत वायु प्रदूषण के लिए परिवहन क्षेत्र जिम्मेदार है, और इसकी वजह जीवाश्म ईंधन है। गडकरी ने कहा, ''हमें अपनी




पारिस्थितिकी और पर्यावरण की रक्षा करने और भारत को कार्बन-तटस्थ देश बनाने के प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) के सपने को पूरा करने की जरूरत है।'' गडकरी ने कहा कि भारत के जीवाश्म ईंधन की खपत में जैव ऊर्जा की हिस्सेदारी पांच साल में 50 प्रतिशत तक हो सकती है। उन्होंने कहा कि जीवाश्म ईंधन के आयात पर 22 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि देश एथनॉल, फ्लेक्स इंजन, मेथनॉल, बायोडीजल, बायो एलएनजी, सीएनजी, इलेक्ट्रिक और हाइड्रोजन जैसे विभिन्न ईंधनों पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल में पहले से ही 20 प्रतिशत तक एथनॉल मिलाया जा रहा है।

### देश का निर्यात मई में 2.17 प्रतिशत घटकर 38.73 अरब डॉलर, व्यापार घाटा 21.88 अरब डॉलर पर

**नयी दिल्ली :** देश का निर्यात मई में 2.17 प्रतिशत घटकर 38.73 अरब डॉलर रह गया। वहीं व्यापार घाटा इस दौरान 21.88 अरब डॉलर रहा। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी मिली। मई में आयात सालाना आधार पर 1.7 प्रतिशत घटकर 60.61 अरब डॉलर रह गया। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-मई 2025-26 के दौरान निर्यात बढ़कर 77.19 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात बढ़कर 125.52 अरब डॉलर रहा।

## बेरोजगारी दर मई में बढ़कर 5.6 प्रतिशत पर, महिलाओं पर दिखा अधिक असर

**नयी दिल्ली :** देश में मई के दौरान मौसमी उतार-चढ़ाव की वजह से बेरोजगारी दर बढ़कर 5.6 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल महीने में 5.1 प्रतिशत थी। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। बेरोजगारी दर में यह वृद्धि मुख्य रूप से मौसमी बदलावों और देश के कुछ हिस्सों में पड़ी अत्यधिक गर्मी के कारण देखने को मिली है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के 'वर्तमान साप्ताहिक स्थिति' (सीडब्ल्यूएस) सर्वेक्षण में दर्ज आंकड़ों से पता चलता है कि मई 2025 के दौरान सभी आयु वर्गों में बेरोजगारी दर बढ़कर 5.6 प्रतिशत हो गई। सीडब्ल्यूएस सर्वेक्षण की तिथि से पहले के सात दिनों की अवधि में निर्धारित गतिविधियों को दर्शाता है। मंत्रालय ने रोजगार की स्थिति की सही तस्वीर दर्शाने के लिए पिछले महीने पहला मासिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण



(पीएलएफएस) जारी किया था। नवीनतम सर्वेक्षण के मुताबिक, पिछले महीने पुरुषों में बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत रही, जबकि महिलाओं में थोड़ी अधिक 5.8 प्रतिशत थी। युवाओं पर बेरोजगारी की अधिक मार देखने को मिली है। मई में राष्ट्रीय बेरोजगारी दर 15-29 आयु वर्ग के लिए बढ़कर 15 प्रतिशत हो गई जबकि अप्रैल में यह 13.8 प्रतिशत थी। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर अप्रैल के 17.2 प्रतिशत से बढ़कर मई में 17.9 प्रतिशत हो गई, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह पिछले महीने के 12.3 प्रतिशत से बढ़कर 13.7 प्रतिशत तक पहुंच गई। खासकर, 15-29 आयु वर्ग की महिलाओं में बेरोजगारी दर पूरे देश में बढ़कर 16.3 प्रतिशत हो गई जबकि अप्रैल में यह 14.4 प्रतिशत थी। पुरुषों में इसी आयु वर्ग के लिए यह दर 13.6 प्रतिशत से बढ़कर 14.5 प्रतिशत हो गई। आंकड़ों से यह भी सामने आया है कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) मई में घटकर 54.8 प्रतिशत रह गई जो अप्रैल में 55.6 प्रतिशत थी।

## मजबूत संकेतों से शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 678 अंक उछला

**मुंबई :** मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं पेट्रोलियम शेयरों में खरीदारी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। मानक सूचकांक सेंसेक्स में करीब 678 अंक और निफ्टी में 228 अंक की बढ़त दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि ईरान और इजराइल के बीच सैन्य संघर्ष तेज होने के बावजूद स्थानीय बाजार में तेल एवं गैस और आईटी शेयरों को कम मूल्य पर खरीदने का रुझान देखा गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 677.55 अंक यानी 0.84 प्रतिशत उछलकर 81,796.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 747.22 अंक बढ़कर 81,865.82 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का



50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 227.90 अंक यानी 0.92 प्रतिशत चढ़कर 24,946.50 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ ही शेयर बाजारों में दो दिन के अंतराल के बाद तेजी लौट आई। ईरान-इजराइल संघर्ष छिड़ने से पिछले दो सत्रों में सेंसेक्स 1,396.54 अंक और निफ्टी 422.8 अंक गिर गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), एशियन पेंट्स, टाटा स्टील और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, टाटा मोटर्स, अदाणी पोर्ट्स और सन फार्मा के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

### अफ्रीकी देश गिनी को तीन साल में 150 रेल इंजनों की आपूर्ति करेगा भारत

**नयी दिल्ली :** बिहार के मरहौरा में स्थित रेलवे लोकोमोटिव कारखाना अफ्रीकी देश गिनी को तीन साल के भीतर 3,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 150 इंजनों की आपूर्ति करेगा। रेल मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक (सूचना एवं प्रचार) दिलीप कुमार ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में 37 रेल इंजन गिनी को निर्यात किए जाएंगे जबकि अगले वित्त वर्ष में 82 और उसके अगले साल 31 इंजन भेजे जाएंगे। ये सभी इंजन मरहौरा स्थित रेलवे लोकोमोटिव कारखाने में बनाए जाएंगे। इसके लिए कारखाना परिसर में ब्रॉड गेज, स्टैंडर्ड गेज और केप गेज की पटरियां बिछाई गई हैं।

रेल मंत्रालय के मुताबिक, इस ऑर्डर को वैश्विक प्रतिस्पर्धी बोली के आधार पर हासिल किया गया है। इंजनों का निर्यात गिनी की सबसे बड़ी लौह अयस्क परियोजना के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण में योगदान देगा, जिससे भारत-अफ्रीका आर्थिक सहयोग मजबूत होगा। कुमार ने कहा, इन सभी इंजनों में वातानुकूलित केबिन होंगे। दो इंजन एक साथ अधिकतम स्वीकार्य गति के साथ 100 बोगियों को ले सकते हैं।

## अमिताभ कांत ने जी-20 शेरपा पद से दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली :** अमिताभ कांत ने जी20 शेरपा के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने 45 वर्ष की अपनी सरकारी सेवा के दौरान कई कार्यभार संभाले। केरल कैडर के 1980 बैच के सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी कांत को जुलाई 2022 में भारत का जी20 शेरपा नियुक्त किया गया था। भारत के जी20 की अध्यक्षता संभालने के कुछ महीने पहले उनकी नियुक्ति की गई थी। पेशेवर मंच लिंक्डइन पर 'मेरा नया सफर' शीर्षक के साथ कांत ने लिखा, '45 साल की समर्पित सरकारी सेवा के बाद, मैंने नए अवसरों को अपनाने तथा जीवन में आगे बढ़ने का फैसला किया है। मैं जी20 शेरपा के रूप में मेरा इस्तीफा स्वीकार करने और मुझे कई विकासात्मक पहलों को आगे बढ़ाने तथा भारत की वृद्धि, विकास



एवं प्रगति में योगदान करने का अवसर देने के लिए भारत के प्रधानमंत्री का बहुत आभारी हूं।' भारत की जी-20 तैयारियों में अहम भूमिका निभाने वाले कांत ने कहा कि भारत के जी-20 शेरपा के रूप में बहुपक्षीय वार्ता का नेतृत्व करना उनके 'करियर' की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक रहा है।

### ट्राई ने वित्तीय धोखाधड़ी से निपटने के लिए आरबीआई के साथ की साझेदारी

**नयी दिल्ली :** दूरसंचार नियामक ट्राई ने वित्तीय धोखाधड़ी से निपटने के प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए आरबीआई और बैंकों के साथ साझेदारी में एक पायलट परियोजना शुरू की है। इस परियोजना का मकसद कॉल और संदेश पाने के लिए उपयोगकर्ताओं की कागज-आधारित सहमति को डिजिटल बनाना है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने कहा कि बैंक लेनदेन की संवेदनशीलता और स्पैम कॉल के माध्यम से वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों को देखते हुए, 'डिजिटल सहमति प्रणाली' को लागू करने के पहले चरण के लिए बैंक क्षेत्र को प्राथमिकता दी गई है। ट्राई ने कहा कि बड़ी संख्या में स्पैम शिकायतें ग्राहकों द्वारा उन व्यावसायिक संस्थाओं के खिलाफ की जाती हैं, जिनसे उन्होंने पहले सामान या सेवाएं खरीदी थीं।

### एसबीआई ने ब्याज दरों में 0.5 प्रतिशत की कटौती की

**नयी दिल्ली :** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने ब्याज दरों में 0.5 प्रतिशत की कटौती की है, जिससे मौजूदा तथा नए उधारकर्ताओं दोनों के लिए ऋण सस्ता हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दर में 0.5 प्रतिशत की कटौती के बाद एसबीआई ने निर्णय लिया है। एसबीआई की रेपो आधारित ब्याज दर (आरएलएलआर) में 0.5 प्रतिशत की कटौती के साथ यह अब 7.75 प्रतिशत हो गई है। बाह्य मानक आधारित ब्याज दर (ईबीएलआर) में भी 0.5 प्रतिशत की कटौती की गई और यह 8.65 से अब 8.15 प्रतिशत हो गई है। एसबीआई की वेबसाइट पर दी गई अद्यतन दर की जानकारी के अनुसार, संशोधित दरें 15 जून 2025 से लागू हो गई। बैंक के इस कदम से रेपो आधारित ब्याज से जुड़े कर्ज सस्ते होंगे। इससे आवास, वाहन, व्यक्तिगत कर्ज लेने वाले नये और मौजूदा खुदरा ग्राहकों के अलावा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले मध्यम उद्यम (एमएसएमई) कर्जदारों को लाभ होगा।

## मेटा ने अरुण श्रीनिवास को भारत में प्रबंध निदेशक, प्रमुख नियुक्त किया

**नयी दिल्ली :** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी मेटा ने अरुण श्रीनिवास को भारत में परिचालन के लिए नया प्रबंध निदेशक और प्रमुख नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति एक जुलाई, 2025 से प्रभावी होगी। यह नियुक्ति, पहले भारत का नेतृत्व कर रही संध्या देवनाथन के बाद हुई है, जिन्हें भारत और दक्षिण पूर्व एशिया दोनों की जिम्मेदारी दी गई थी। मेटा ने एक ब्लॉग में कहा कि अपनी नई स्थिति में, श्रीनिवास कंपनी की वृद्धि को गति देने के लिए भारत में मेटा के लिए व्यापार, नवोन्मेष और राजस्व प्राथमिकताओं को देखेंगे। श्रीनिवास सीधे संध्या देवनाथन को रिपोर्ट करेंगे। मेटा में उपाध्यक्ष (भारत और दक्षिण पूर्व एशिया) देवनाथन ने कहा, ''भारत में मेटा कृत्रिम मेधा (एआई) अपनाने, व्हाट्सएप और रील्स में अग्रणी है, और उच्च प्रदर्शन करने वाली टीम को तैयार करने, नवोन्मेषी उत्पादों को आगे बढ़ाने और मजबूत साझेदारी को बढ़ावा देने के अरुण का रिकॉर्ड प्रभावशाली



है....। भारत में कारोबार को आगे बढ़ाने के साथ ही वह मेरे साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे।'' आईआईएम कोलकाता के पूर्व छात्र श्रीनिवास को हिंदुस्तान यूनिलीवर, रीबॉक, ओला और निवेश फर्म वेस्टब्रिज कैपिटल में काम करने का लगभग 30 साल का अनुभव है। वह वर्ष 2020 से मेटा के साथ हैं।

वर्ष 10, पूर्णांक 3269 अंक 079, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in